राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर !

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 15
अंक : 26
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
शुक्रवार 26 दिसंबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 यमुना प्राधिकरण ने 39 औद्योगिक भूखंडों का आवंटन रद्द किया
पेज 4 गाजीपुर में खूनी संघर्ष, 2 युवकों की हत्या
पेज 6 डब्ल्यूपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी करेंगी जेमिमा रोड्रिग्स

## संक्षिप्त खबरें

### भारत में दो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों वाला पहला महानगर बना मुंबई

**मुंबई ।** नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गुरुवार, 25 दिसंबर से वाणिज्यिक परिचालन शुरू हो गया। इसके साथ ही, मुंबई भारत में दो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों वाला पहला महानगर बन गया है। यह लंदन, न्यूयॉर्क, मॉस्को, टोक्यो और शंघाई जैसे वैश्विक विमानन शहरों की श्रेणी में शामिल हो गया है, जिनमें बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए कई हवाई अड्डे मौजूद हैं। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री कजरापु राममोहन नायडू ने हवाई अड्डे के उद्घाटन पर महाराष्ट्र के लोगों को बधाई दी। उन्होंने इसे ऐतिहासिक क्षण करार दिया। उन्होंने कहा कि यह डबल-इंजन सरकार के तालमेल के कारण यह संभव हो पाया है।


### आवासीय इमारत की 14वीं मंजिल में भीषण आग

**नई दिल्ली।** गुरुवार सुबह मुंबई के अंधेरी वेस्ट में एक 23 मंजिला आवासीय बिल्डिंग में आग लग गई। इस घटना के बाद पूरे इस इलाके में हड़कंप मच गया। हालांकि, गनीमत यह रही कि इमारत में से कुल 40 लोगों को बचा लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि वीरा देसाई रोड पर कंट्री क्लब के पास सोरेंटो टावर में सुबह करीब 10 बजे लगी। इस घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। जानकारी के अनुसार, आग पर पूरी तरीके से काबू पाया जा चुका है। 16वीं मंजिल के रिफ्यूज एरिए से सीढ़ियों के जरिए 30-40 लोगों को बचाया गया।



## हैप्पी मॉर्निंग


हाई स्कूल में पढ़ने वाली दो लड़कियां आपस में बातें कर रही थीं।
पहली लड़की- मेरे पापा ने कहा है कि इस बार अगर एग्जाम में फेल हुई तो तेरी शादी कर दूंगा
दूसरी लड़की- तो तुमने कितनी तैयारी की है? पहली लड़की- बस रिसेप्शन की ड्रेस लेनी बाकी है!



## शायरी

ऐसा गुलशन की सियासत ने किया है पाबंद
हम असीरान-ए-क़फ़स आह भी करने के नहीं

## अर्थसार



सेंसेक्स:
85,408.70
-116.14 (0.14%)
निफ्टी:
26,139.70
-37.45

## मौसम



अधिकतम : 19 डिग्री से0
न्यूनतम : 07 डिग्री से0
सूर्योदय शनिवार : 7 : 19
सूर्यास्त शुक्रवार : 5 : 38

# दिल्ली-एनसीआर की रफ्तार थमी

## कोहरे के कारण दिल्ली एयरपोर्ट पर कई उड़ानों को डायवर्ट किया गया है

- पहाड़ों पर बर्फबारी का अलर्ट
- डल झील और पानी के नलों में बर्फ जमने लगी है
- पूरे उत्तर भारत में 26 और 27 दिसंबर को येलो अलर्ट जारी किया गया है



**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में आज कड़ाके की ठंड और शीतलहर का प्रभाव जारी है। कश्मीर से लेकर दिल्ली तक सर्दी ने जनजीवन प्रभावित कर दिया है। पहाड़ों से आ रही बर्फीली हवाओं ने मैदानी इलाकों में ठिठुरन बढ़ा दी है। कश्मीर में 40 दिनों की सबसे भीषण ठंड की अवधि चिल्ला-ए-कलां अपने चरम पर है। दिल्ली एनसीआर समेत पूरे उत्तर भारत में 26 और 27 दिसंबर को येलो अलर्ट जारी किया गया है, जिसमें सुबह-शाम कम विजिबिलिटी और शीतलहर की संभावना जताई गई है।

### डल झील और पानी के नलों में बर्फ जमने लगी है

श्रीनगर मौसम विभाग के अनुसार, न्यूनतम तापमान शून्य से 3 से 5 डिग्री नीचे चला गया है। डल झील और पानी के नलों में बर्फ जमने लगी है, जिससे स्थानीय लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। गुलमर्ग और पहलगाम में सैलानी बर्फबारी का लुत्फ उठा रहे हैं।

### दिल्ली में कोहरा

बढ़ती ठंड और कोहरे को देखते हुए स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बच्चों और बुजुर्गों को सुबह-शाम घर के अंदर रहने की सलाह दी है। दिल्ली में आज सुबह विजिबिलिटी (दृश्यता) काफी कम रही। सफदरजंग वेधशाला के अनुसार, न्यूनतम तापमान 7 से 9 के बीच दर्ज किया गया है।

कोहरे के कारण दिल्ली एयरपोर्ट पर कई उड़ानों को डायवर्ट किया गया है और 20 से अधिक ट्रेनें देरी से चल रही हैं। प्रशासन ने लोगों को हाईवे पर सावधानी से वाहन चलाने की सलाह दी है।

### हिमाचल में येलो अलर्ट जारी

हिमाचल के ऊना, हमीरपुर और बिलासपुर जैसे निचले इलाकों में घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी है। मनाली और शिमला में सुबह और रात का तापमान जमाव बिंदु (0) के करीब पहुंच गया है। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों में ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी की संभावना जताई है।

### यातायात पर असर

कोहरे के कारण दिल्ली, अमृतसर, जम्मू, पटना आदि शहरों में उड़ानें प्रभावित। इंडिगो, स्पाइसजेट सहित कई एयरलाइंस ने अलर्ट जारी किया है।

ट्रेनें भी कई घंटे देरी से चल रही हैं। यात्रियों से अपील है कि एयरपोर्ट जाने से पहले फ्लाइट स्टेटस चेक करें।उत्तर भारत में सर्दी का यह दौर नए साल तक जारी रह सकता है।

### मैसूरु में फटा हीलियम गैस सिलेंडर, एक की मौत 5 घायल

मैसूर। अधिकारियों ने बताया कि गुरुवार को कर्नाटक के मैसूरु में गुब्बारों में हवा भरने के लिए इस्तेमाल होने वाले हीलियम गैस सिलेंडर के फटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। यह घटना शहर में मैसूर पैलेस के जयमारतंडा गेट के सामने रात करीब 8.30 बजे हुई। गुब्बारा विक्रेता, जिसकी पहचान सलीम (40) के रूप में हुई है, जो खामरुद्दीन का पुत्र और उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले के तोफिया गांव का निवासी था, की मौके पर ही मौत हो गई।

### 'नगर कीर्तन'



नई दिल्ली में गुरुद्वारा रकाब गंज साहिब के पास, गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति (डीएसजीएमसी) द्वारा आयोजित 'नगर कीर्तन' में लोग भाग लेते हैं।

# कर्नाटक में स्लीपर बस में आग, 10 जिंदा जले

## 30 से ज्यादा यात्री सवार थे; चित्रदुर्ग के हिरियूर में लॉरी से टक्कर के बाद हादसा

चित्रदुर्ग। कर्नाटक के चित्रदुर्ग में बुधवार देर रात स्लीपर बस में टक्कर के बाद आग लग गई। हादसे में बस में सवार 10 से ज्यादा लोग जिंदा जल गए। हालांकि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में यह आंकड़ा 12 और 17 बताया जा रहा है। हादसा एनएच-48 पर हिरियूर तालुक में हुआ। बस बेंगलुरु से गोकर्ण जा रही थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक बस में 30 से ज्यादा यात्री थे।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि रात 2.30 बजे तेज रफ्तार लॉरी डिवाइडर तोड़कर दूसरी तरफ से जा रही प्राइवेट कंपनी की सीबर्ड ट्रांसपोर्ट की बस से टकरा गई। बस में तुरंत आग लग गई। उस समय यात्री सो रहे थे। इस कारण उन्हें खुद को बचाने का मौका नहीं मिला। पुलिस का कहना है कि ज्यादातर यात्रियों ने टिकट ऑनलाइन बुक किए थे। इससे पुलिस को उनके फोन नंबर मिल गए हैं। उनके परिवारों से संपर्क करने की कोशिश की जा रही है। जले हुए शवों की पहचान के लिए डीएनए टेस्ट करवाया जाएगा।

# भारत ने के-4 बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया

- पनडुब्बी से 3500 किमी की रेंज तक मार करेगी, 2 टन न्यूक्लियर पेलोड ले जा सकेगी

**विजयवाड़ा।** भारत ने बंगाल की खाड़ी में न्यूक्लियर पावर्ड सबमरीन INS अरिघात से 3,500 किलोमीटर रेंज वाली के-4 बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया। रक्षा सूत्रों के हवाले से मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया कि यह टेस्ट मंगलवार को विशाखापट्टनम तट के पास किया गया। भारत जमीन, हवा के बाद अब समुद्र से भी परमाणु हथियार लॉन्च कर सकेगा। ये मिसाइल 2 टन तक न्यूक्लियर वॉरहेड ले जाने में सक्षम है। च-सीरीज की मिसाइलों में 'के' अक्षर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के सम्मान में रखा गया है। इनकी भारत के मिसाइल कार्यक्रम में अहम भूमिका रही है।

### जानिए मिसाइल की तकनीक और खासियत

के-4 मिसाइल, जमीन से लॉन्च होने वाली अग्नि-सीरीज पर आधारित एक एडवांस सिस्टम मिसाइल है। इसे पनडुब्बी से लॉन्च के लिए बनाया गया है। लॉन्च के समय मिसाइल पहले समुद्र की सतह से बाहर आती है, इसके बाद उड़ान भरते हुए लक्ष्य की ओर बढ़ती है। इसे अरिहंत-क्लास की पनडुब्बियों से दागी जा सकती है। के-4 को भारत की न्यूक्लियर ट्रायड का एक महत्वपूर्ण स्तंभ माना जाता है। इससे भारत की 'डिटेरेंस' क्षमता मजबूत होती है, यानी संभावित दुश्मन पर यह मनोवैज्ञानिक दबाव बनता है कि किसी भी हमले का जवाब दिया जा सकता है।

# 1 करोड़ का इनामी नक्सली मारा गया

## कंधमाल में 2 महिलाओं समेत 6 नक्सली ढेर

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के पड़ोसी राज्य ओडिशा के कंधमाल में सुरक्षाबलों ने एनकाउंटर में 6 नक्सलियों को मार गिराया है। इनमें 1 करोड़ से ज्यादा का इनामी सेंट्रल कमेटी मेंबर गणेश उईके (69) भी शामिल है। दो महिला नक्सली भी मारी गई हैं। मारे गए नक्सलियों के शव और हथियार बरामद कर लिए गए हैं।



सुरक्षाबलों को कंधमाल जिले के चाकापाड़ इलाके में नक्सलियों की मौजूदगी का इनपुट मिला था। इसी इनपुट के आधार पर 23 टीमों को ऑपरेशन के लिए भेजा गया था। इनमें 20 स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप , दो सीआरपीएफ और एक बीएसएफ टीमें शामिल थीं। यह ऑपरेशन कंधमाल जिले के चाकापाड़ थाना क्षेत्र और गंजाम जिले के राम्भा वन क्षेत्र में चलाया गया।

आज यानी 25 दिसंबर को अभियान के दौरान अलग-अलग स्थानों पर माओवादियों और एसओजी जवानों के बीच कई बार गोलीबारी हुई।

मुठभेड़ के बाद इलाके में सर्चिंग की गई, जिसमें 5 नक्सलियों के शव मिले। इनमें 3 पुरुष और 2 महिलाएं हैं। सभी माओवादी वर्दी में थे। मौके से 2 इंसास राइफल और एक 303 राइफल बरामद हुई है।

### इस साल कुल 11 बड़े लीडर मारे गए : आईजी

बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने कहा कि सीसी मेंबर गणेश उईके के मारे जाने की खबर है। ओडिशा पुलिस इस पर विस्तार से जानकारी देगी। इस साल कुल 11 सेंट्रल कमेटी मेंबर और पोलित ब्यूरो मेंबर मुठभेड़ में ढेर हुए हैं।

बस्तर संभाग अंतर्गत बसवाराजू, के राम चंद्र रेड्डी, सुधाकर और कोसा की बॉडी रिकवर की गई, जबकि चलपति और बालकृष्णा गरियाबंद मुठभेड़ में मारे गए। वहीं पड़ोसी राज्यों में गजाला रवि, माड़वी हिड़मा, विवेक मांझी, सहदेव समेत अन्य नक्सलियों की डेडबॉडी रिकवर की गई है।

# गिग वर्कर्स ने 31 दिसंबर को हड़ताल का ऐलान किया

### स्विगी, जोमैटो और जेप्टो पर होगा असर; जानिए गिग वर्कर्स कौन होते हैं

एजेंसी



**हैदराबाद।** गिग वर्कर्स ने 31 दिसंबर को पूरे देश में हड़ताल का ऐलान किया है। इसका असर स्विगी, जोमैटो, ब्लिंकिट, फ्लिपकार्ट, अमेजन, जेप्टो, अन्य ई-कॉमर्स कंपनियों की डिलीवरी पर पड़ेगा।

तेलंगाना गिग एंड प्लेटफॉर्म वर्कर्स यूनियन और इंडियन फेडरेशन ऑफ एप-बेस्ड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स ने कहा, ये वर्कर्स काम की खराब होती स्थिति, कम होती कमाई, सुरक्षा की कमी, सामाजिक सुरक्षा के अभाव के खिलाफ विरोध कर रहे हैं।

वर्कर्स ने केंद्र, राज्यों से अपील की है कि वे इन प्लेटफॉर्म कंपनियों को रेगुलेट करें। गिग वर्कर्स की ओर से जारी बयान में 25 दिसंबर को भी हड़ताल का जिक्र है। इसके असर का पता नहीं चल सका।

स्वास्थ्य बीमा, दुर्घटना कवर और पेंशन जैसी सामाजिक सुरक्षा मिले।

# बांग्लादेश में एक और हिंदू युवक की पीट-पीटकर हत्या

## 7 दिन में दूसरी घटना; इससे पहले दीपू दास को मारकर जलाया था

**ढाका।** बांग्लादेश में एक बार फिर भीड़ ने हिंदू युवक को पीट-पीटकर मार डाला है। घटना बुधवार रात करीब 11: 00 बजे राजबाड़ी जिले के होसेनडांगा गांव में हुई। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान 29 वर्षीय अमृत मंडल उर्फ सम्राट के तौर पर हुई है।

पुलिस ने बताया कि अमृत को भीड़ने जबरन वसूली के आरोप में मार डाला। वह होसेनडांगा गांव का ही निवासी था।

पुलिस ने बताया कि अमृत के खिलाफ पांगशा पुलिस स्टेशन में दो



मामले दर्ज हैं। इनमें एक हत्या का मामला भी शामिल है।

इससे पहले 18 दिसंबर को ढाका के पास हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की भीड़ ने हत्या कर दी थी। बाद में उसे पेड़ पर लटकाकर जला दिया था।

### अमृत पर गिरोह बनाकर जबरन वसूली का आरोप

डेली स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक स्थानीय लोगों ने अमृत पर एक आपराधिक गिरोह बनाने का आरोप लगाया है।

रिपोर्ट के मुताबिक वह लंबे समय से जबरन वसूली और अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल था।

भारत में लंबे समय तक छिपने के बाद वह हाल ही में घर लौटा था। कथित तौर पर अमृत ने गांव के निवासी शाहिदुल इस्लाम से जबरन वसूली की रकम मांगी थी।

24 दिसंबर की रात अमृत और उसके साथी शाहिदुल के घर पैसे लेने गए थे।


जब घरवालों ने चोर-चोर चिल्लाकर शोर मचाया तो स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और अमृत की पिटाई कर दी।

उसके अन्य साथी भागने में सफल रहे, जबकि सलीम हथियारों के साथ पकड़ा गया।

# सेना के जवानों को मिली सोशल मीडिया इस्तेमाल की इजाजत

### इंस्टाग्राम पर कमेंट की मनाही, वॉट्सएप पर मैसेज कर सकेंगे; 5 साल पहले बैन लगाया था

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना के जवानों को पांच साल बाद सोशल मीडिया एप्स के इस्तेमाल की परमिशन मिल गई है। हालांकि कुछ शर्तें लागू रहेंगी। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, नई गाइडलाइन के तहत जवान इंस्टाग्राम पर रील, फोटो और वीडियो देख



सकेंगे, लेकिन लाइक, कमेंट करने की अनुमति नहीं है। वॉट्सएप, टेलीग्राम जैसे एप्स पर गैर-गोपनीय जानकारी शेयर कर सकेंगे। इसके अलावा यूट्यूब और एक्स का इस्तेमाल केवल जानकारी के लिए किया जा सकेगा। वहीं, लिंक्डइन, स्काइप और सिग्नल एप के लिए भी नई गाइडलाइन जारी की गई है।

सरकार ने 2020 में संवेदनशील सूचनाएं लीक होने की आशंका के चलते जवानों और अधिकारियों को 89 एप हटाने का आदेश दिया था। इसमें फेसबुक, इंस्टाग्राम, टिकटॉक, जूम और पबजी शामिल थे। इन एप के जरिए उस वक्त हनीट्रैप के कई मामले सामने आए थे।

# रायपुर : मैग्नेटो मॉल में तोड़फोड़, क्रिसमस सजावट क्षतिग्रस्त



**रायपुर।** कांकेर जिले के आमाबेड़ा क्षेत्र में हुई हिंसा और कथित धर्मांतरण के विरोध में बुधवार को बुलाए गए छत्तीसगढ़ बंद का असर राजधानी में भी देखने को मिला। सुबह से ही शहर के अधिकांश बाजार, स्कूल, निजी संस्थान और व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे। हालांकि बंद के बीच राजधानी में हालात उस वक्त तनावपूर्ण हो गए, जब विभिन्न हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए। रायपुर के कई इलाकों में जबरन दुकानें बंद कराई गईं, तो कहीं मारपीट और तोड़फोड़ की घटनाएं सामने आईं। कटोरा तालाब स्थित ब्लिंकिट ऑफिस में कर्मचारियों के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की गई, जबकि शहर के प्रमुख व्यावसायिक केंद्र मैग्नेटो माल में तोड़फोड़ कर क्रिसमस सजावट को नुकसान पहुंचाया गया।

## इलेक्टोरल ट्रस्ट

### भाजपा को 2024-25 में सबसे ज्यादा 3,112 करोड़; कांग्रेस को सिर्फ 299 करोड़ मिले

# राजनीतिक दलों को इलेक्टोरल ट्रस्ट से 3,811 करोड़ चंदा

नई दिल्ली। इलेक्टोरल बॉन्ड पर सुप्रीम कोर्ट के बैन के बाद पहले वित्तीय वर्ष 2024-25 में राजनीतिक दलों को नौ इलेक्टोरल ट्रस्ट के जरिए 3,811 करोड़ का चंदा मिला है। इसमें से 3,112 करोड़ केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी को मिले। यह कुल फंड का करीब 82 प्रतिशत है।

यह जानकारी इलेक्टोरल ट्रस्ट्स की ओर से चुनाव आयोग को सौंपी गई रिपोर्ट्स से सामने आई है। चुनाव आयोग की वेबसाइट पर अपलोड इन रिपोर्ट्स के मुताबिक, बाकी सभी दलों को मिलाकर करीब 400 करोड़ (10 प्रतिशत) फंड मिला। इसमें कांग्रेस को 299 करोड़ मिले, जो कुल



चंदे का 8 प्रतिशत से भी कम है।

इलेक्टोरल ट्रस्ट एक रजिस्टर्ड संस्था होती है, जो कॉर्पोरेट कंपनियां और व्यक्तियों से चंदा लेकर राजनीतिक पार्टियों तक पहुंचाती है। ट्रस्ट को चंदे की पूरी जानकारी चुनाव आयोग को देनी होती है। इससे चंदे का रिकॉर्ड बना रहता है और पता चलता है कि किस पार्टी को कितना दान मिला।

20 दिसंबर तक के आंकड़ों के मुताबिक, चुनाव आयोग के पास 19 में से 13 इलेक्टोरल ट्रस्ट्स की रिपोर्ट मौजूद थी। इनमें से 9 ट्रस्ट्स ने 2024-25 में कुल 3,811 करोड़ चंदा दिया, जो 2023-24 के 1,218 करोड़ के मुकाबले 200त्न से ज्यादा और तीन गुना है।

### भाजपा को प्रूडेंट और प्रोग्रेसिव ट्रस्ट से 2937.69 करोड़ चंदा

भाजपा को चंदा देने के मामले में प्रूडेंट इलेक्टोरल ट्रस्ट सबसे आगे रहा। भाजपा को कुल 3,112 करोड़ में से 2,180.07 करोड़ अकेले प्रूडेंट ने दिया। प्रूडेंट ने कांग्रेस को 21.63 करोड़ चंदा दिया।

प्रूडेंट इलेक्टोरल ट्रस्ट ने तृणमूल कांग्रेस , आम आदमी पार्टी, टीडीपी समेत कई दलों को भी चंदा दिया। हालांकि, इसके कुल 2,668 करोड़ के दान में से करीब 82 प्रतिशत राशि भाजपा को मिली।

ट्रस्ट को जिन कंपनियों से फंड मिला, उनमें जिंदल स्टील एंड पावर, मेघा इंजीनियरिंग एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, भारती एयरटेल, ऑरोबिंदो फार्मा और टोरेंट फार्मास्यूटिकल्स शामिल हैं।

पार्टियों को सबसे ज्यादा चंदा देने के मामले में दूसरे नंबर पर प्रोग्रेसिव इलेक्टोरल ट्रस्ट रहा, जिसने कुल 914.97 करोड़ दान किए, जिसमें से 757.62 करोड़ भाजपा और कांग्रेस को 77.34 करोड़ दिए।

# यमुना प्राधिकरण ने 39 औद्योगिक भूखंडों का आवंटन रद्द किया

## नोएडा में उद्योग स्थापित न होने पर प्राधिकरण ने लिया फैसला

**गौतम बुद्ध नगर।** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने 39 औद्योगिक भूखंडों का आवंटन रद्द कर दिया है। ये भूखंड प्राधिकरण के सेक्टर 29, 32 और 33 में विभिन्न योजनाओं के तहत आवंटित किए गए थे, लेकिन आवंटियों ने उन पर उद्योग स्थापित नहीं किए।

अपर मुख्य सचिव, औद्योगिक विकास की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में इस संबंध में विचार-विमर्श किया गया था। प्राधिकरण ने 366 ऐसे आवंटियों को अंतिम अवसर दिया था, जिन्हें पूर्व में चेकलिस्ट जारी की जा चुकी थी, लेकिन उन्होंने निर्धारित समय में लीज डीड निष्पादित नहीं कराई थी।

इन सभी आवंटियों को एक अंतिम अवसर देते हुए सार्वजनिक सूचना समाचार पत्रों में क्यूआर कोड सहित प्रकाशित की गई थी और प्राधिकरण



की वेबसाइट पर इसी वर्ष 24 नवंबर को अपलोड की गई थी।

प्राधिकरण वर्ष 2020 से औद्योगिक भूखंडों के आवंटियों को लगातार चेकलिस्ट जारी कर रहा है। नियमानुसार, चेकलिस्ट जारी होने के 60 दिनों के भीतर आवंटी को भूखंड का पट्टा विलेख निष्पादित कराना होता है। इसके बाद कब्जा प्राप्त कर मानचित्र स्वीकृत कराकर चार वर्षों के भीतर इकाई स्थापित कर उत्पादन शुरू करना अनिवार्य है।

कई आवंटियों ने चेकलिस्ट जारी होने के बाद भी लंबे समय तक पट्टा विलेख निष्पादित नहीं कराया। प्राधिकरण ने उन्हें चेकलिस्ट भेजने के साथ-साथ तीन नोटिस पत्र भी जारी किए थे, जिसमें लीज डीड निष्पादित करने का अनुरोध किया गया था।

हालांकि, कुछ आवंटियों ने लीज डीड निष्पादन में कोई रुचि नहीं दिखाई और न ही नोटिस पत्रों का उचित जवाब दिया। इसी के मद्देनजर 39 भूखंडों का आवंटन रद्द करने का निर्णय लिया गया। यमुना प्राधिकरण के सीईओ राकेश कुमार सिंह ने बताया कि प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में निवेश और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक भूखंड आवंटित होने के बावजूद उन पर उद्योग विकसित नहीं किए गए, जिसके बाद नोटिस जारी कर 39 भूखंडों का आवंटन रद्द किया गया है।

## नोएडा के प्रेक्स सोसाइटी के फ्लैट में लगी आग

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-108 के प्रेक्स सोसाइटी के फोर्थ फ्लोर के एक फ्लैट के सर्वेंट क्वाटर में आग लग गई। आग बाथरुम से लगी इसके बाद तेजी से आग कमरों की तरफ बढ़ी। गनीमत रहीं कि जिस समय आग लगी फ्लैट में कोई नहीं था। मौके पर दमकल की तीन से चार गाड़ियों को भेजा गया। फ्लैट और टावर की बिजली सप्लाई को बंद किया गया। इसके बाद करीब 30 मिनट में आग को काबू पाया गया। सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया आग लगने की जानकारी मिलते ही मौके पर दमकल विभाग की गाड़ियों को भेजा गया। सीढ़ियों के जरिए पाइप को ऊपर पहुंचाया गया। इसके बाद आसपास के फ्लैट के लोगों को बाहर निकाला और आग को काबू पाया गया। इस दौरान कमरे में रखा काफी सामान जलकर राख हो गया। गनीमत रहीं कि फ्लैट में कोई नहीं था। सोसाइटी के गार्ड ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया फ्लैट के बाथरुम में पानी गर्म करने के लिए इमल्शन रॉड लगाई थी। परिजन फ्लैट से बाहर चले गए।

# नोएडा प्राधिकरण में 173 करोड़ में बिके 10 भूखंड

**निर्माण से आएगा 600 करोड़ का निवेश, 2200 लोगों को मिलेगा रोजगार**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण ने अपनी औद्योगिक भूखंड योजना के तहत 124.02 करोड़ का राजस्व प्राप्त किया।

10 भूखंडों की योजना को निकाला गया था। जिसका रिजर्व प्राइज 49.27 करोड़ रुपए था। इसके लिए 214 लोगों ने आवेदन किया। जिसमें 170 आवेदकों बोली प्रक्रिया में हिस्सा लिया। 10 भूखंडों के लिए 173.29 की बोली लगाई गई।

प्राधिकरण को सीधे तौर पर 124.02 करोड़ का राजस्व मिला। प्राधिकरण ने बताया कि दस भूखंडों से प्राधिकरण पर निर्माण के बाद करीब 600 करोड़ का निवेश और 2200 लोगों को रोजगार मिलेगा। बोली लगाने वाली कंपनियों को लीज डीड




के अनुसार निर्माण और कार्यशील सर्टिफिकेट हासिल करना होगा।

### इन कंपनियों को मिला भूखंड

हल्दीराम स्नेक्स प्राइवेट लिमिटेड
एमआईआर हैंडीक्राफ्ट प्राइवेट लिमिटेड
अशोक ड्राइ फ्रूट्स मार्ट
अंबिका इंटरप्राइजेज
निलंबो टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड
एसआरएक्स मर्चेंट
नेक्सम एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड
डी एंड ग्रांड सन्स इंजीनियर प्राइवेट लिमिटेड और ओपल टेलन प्राइवेट लिमिटेड

# नोएडा में जीजा-साली ने खाया जहर, दोनों की मौत

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के बादलपुर थाना क्षेत्र में बुधवार रात एक जीजा और साली ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। दोनों दो दिन से अपने-अपने घरों से लापता थे। उनकी लाशें धूममानिकपुर बाइपास के किनारे बेहोशी की हालत में मिलीं।

रात करीब 9 बजे राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी कि धूममानिकपुर बाइपास पर एक युवक और युवती बेसुध पड़े हैं। मौके पर पहुंची बादलपुर पुलिस ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया। डॉक्टरों ने युवती को मृत घोषित कर दिया। युवक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे ट्रामा सेंटर रेफर किया गया, लेकिन एंबुलेंस में ले जाते समय उसने भी दम तोड़ दिया। पुलिस ने मृतकों की पहचान आशीष (32 वर्ष) पुत्र बेदू, निवासी ग्राम उजैड़ा निवाड़ी, गाजियाबाद और आंशिक (19 वर्ष) निवासी ग्राम पथौली सरूरपुर, मेरठ के रूप में की। दोनों रिश्ते में जीजा-साली थे। थाना प्रभारी अमित भड़ाना ने बताया कि दोनों 22 दिसंबर से लापता थे। परिजनों ने सरूरपुर के स्थानीय थानों में गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी।

# नोएडा में 80.60 लाख की ठगी में एक गिरफ्तार

## ठगों को प्रोवाइड कराता था खाता, 6 राज्यों में मिली 16 शिकायत

**नोएडा।** थाना साइबर क्राइम पुलिस ने इंवेस्टमेंट के नाम पर 80.60 लाख की ठगी करने वाले एक अरोपी को गिरफ्तार किया। ये खाता धारक है जो साइबर ठगों को करंट अकाउंट प्रोवाइड कराता था। साइबर क्राइम पुलिस ने आरोपी आशीष को देहरादून से गिरफ्तार किया।

एडीसीपी शैव्या गोयल ने बताया कि पूछताछ में आशीष ने बताया कि उसकी फेसबुक पर एक व्यक्ति से बातचीत हुई। वहां पर उसने अपना वॉट्सऐप नंबर दिया। जिससे बात करने पर उसने कहा कि हम तुम्हारे खाते में कुछ ट्रांजैक्शन करेगे। तुम एक




करंट खाता खुलवाकर हमे दो, जिसके बदले कमीशन मिलेगा। पैसों के लालच में आ गया, खाता खोलने के लिए उसने 50 हजार रुपए दिए।

पैसा मिलने पर बैंक आफ बड़ौदा में पाल इंटरप्राइजेज के नाम पर खाता कुमारगंज ब्रांच में खुलवा लिया। इसके बाद उसके कहने पर लखनऊ आया। यहां एक होटल में ले गया यहां मुख्य आरोपी के साथ 5 से 6 दिन तक रहा। 6 दिन बाद उसने मुझे कहा कि तुम अब घर जाओ तुम्हारे फोन की अभी जरूरत है। जब हम बुलाएंगे तब तुम आकर फोन व पैसे ले जाना।

### खाते में जमा हुए 90 लाख

इस प्रकार खाताधारक आशीष को 50 हजार रुपए मिले। खाते की जांच करने पर सामने आया संबंधित ठगी के 7.30 लाख रुपए खाते में ट्रांसफर किए गए। जबकि कुल 99 लाख रुपए खाते में आए। जांच में पता चला कि इस खाते से संबंधित कुल 6 राज्यों हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, कर्नाटक, महाराष्ट्र,पंजाब,राजस्थान में कुल 16 शिकायत मिली है।

# युवक ने 12वीं मंजिल से कूदकर जान दी

## रेलिंग से टकराकर हाथ कटा, ग्रेटर नोएडा में दोस्तों के साथ रहता था

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में एक युवक ने सोसाइटी की 12वीं मंजिल से कूदकर सुसाइड कर लिया। गुरुवार दोपहर 11 बजे युवक गोल्फ होम्स सोसाइटी में अपने फ्लैट की बालकनी में आया। फिर 12 से 15 मिनट तक टहलता रहा। अचानक उसने छलांग लगा दी।

कूदने के बाद उसका हाथ रेलिंग से टकराया और कटकर अलग हो गया। हाथ शव से करीब 10 फीट दूर पड़ा मिला है। पुलिस ने उसके साथ फ्लैट में रहने वाले 3 दोस्तों से भी बात की है, उन्होंने बताया कि मृतक अनूप रेवाड़ी (हरियाणा) का रहने वाला था।

अनूप ने सुसाइड क्यों किया? फ्लैट में रहने वाले दूसरे लड़के इसका जवाब नहीं दे सके। पोस्टमॉर्टम के बाद पुलिस शव परिवार के सुपुर्द करेगी। पुलिस ने हरियाणा के रेवाड़ी में रहने वाले अनूप के परिवार को जानकारी भेजी है।

मामला बिसरख थाना क्षेत्र के



सेक्टर 4 स्थित आम्रपाली गोल्फ होम्स सोसाइटी का है।

### फ्लैट में तीन दोस्तों के साथ रहता था युवक

अनूप (27) रेवाड़ी के धारूहेड़ा का रहने वाला था। वह नोएडा के सेक्टर-62 स्थित एक प्राइवेट कंपनी में काम करता था। अनूप गौर सिटी-2 स्थित गोल्फ होम्स सोसाइटी में अपने 3 दोस्तों के साथ किराए के फ्लैट में रहता था।

घटना के समय सभी दोस्त अपने ऑफिस गए थे। अनूप घर में बिल्कुल अकेला था। बालकनी और कमरे के बीच की जगह पर अनूप का मोबाइल भी मिला है। लॉक खोलने के लिए पुलिस ने मोबाइल को साइबर सेल भेजा है। माना जा रहा है कि किसी से बात करने के बाद अनूप ने सुसाइड किया है।

पुलिस को दोस्तों ने बताया- 24 दिसंबर की शाम तक अनूप बिल्कुल ठीक था। उसने डिनर अपने रुम में किया था। क्या उसको किसी तरह की फाइनेंशियल दिक्कत थी? ये भी दोस्त नहीं बता सके हैं। ऐसे में पुलिस रेवाड़ी से परिवार के आने का इंतजार कर रही है। सोसाइटी में रहने वाले और परिवारों से भी पुलिस टीम ने पूछताछ की है।

**बिसरख पुलिस ने बताया-** युवक के कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है।

## नोएडा में बजरंग दल और वीएचपी का प्रदर्शन

**नोएडा।** बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचार के विरोध में बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के अलावा तमाम हिंदू सगठनों ने विरोध मार्च निकला। मार्च 12 बजे निकला गया। विरोध प्रदर्शन नोएडा स्टेडियम के गेट नंबर 4 से शुरू हुआ। सभी प्रदर्शनकारी डीएम चौक पर जाकर एकत्रित हुए और प्रदर्शन किया। इस मौके प्रतिनिधियों ने कहा कि हम, विश्व हिन्दू परिषद्, पूरे भारतवर्ष के हिंदू समाज का प्रतिनिधित्व करते हुए, बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के खिलाफ हो रही निंदनीय हत्याओं की कठोर निंदा करते हैं। ये घटनाएं मानवता और सभ्यता के खिलाफ हैं, और इनका तुरंत एवं कठोर रूप से विरोध किया जाना चाहिए। हमारा मानना है कि हर धर्म और समुदाय का जीवन सुरक्षित और सम्मानित होना चाहिए। बांग्लादेश में हो रही इन निर्मम घटनाओं से न केवल हिंदू समुदाय का जीवन खतरे में है। बल्कि यह क्षेत्रीय स्थिरता और शांति के लिए भी चिंताजनक संकेत हैं।

# बाइक सवार बदमाशों ने प्रोजेक्ट मैनेजर से कार लूटी

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के कासना कोतवाली क्षेत्र में सोमवार देर रात बाइक सवार तीन बदमाशों ने एक प्रोजेक्ट मैनेजर से कार लूट ली और पिस्टल की बट से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। बदमाश मौके से फरार हो गए।

पीड़ित की पहचान नवीन कुमार के रूप में हुई है, जो यमुना सिटी क्षेत्र में एक नामी बिल्डर के प्रोजेक्ट में प्रोजेक्ट मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं।

नवीन किसी काम से ग्रेटर नोएडा आए थे। देर रात लौटते समय उनकी एक कार खराब हो गई थी, जिसके बाद वे दूसरी कार से अपने गांव लौट रहे थे।

रात करीब 12: 05 बजे चिरसी गांव के बाहर स्थित आरएमसी प्लांट के गेट के सामने नवीन कुमार की कार को रोकते हुए बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने पहले रास्ता पूछने का बहाना किया।

जब कार रुकी, तो बदमाशों ने पिस्टल निकालकर नवीन को धमकाना शुरू किया। विरोध करने पर उन्होंने पिस्टल की बट से नवीन के सिर पर वार किया। हमले के बाद बदमाश नवीन की कार लूटकर फरार हो गए।

कार में नकदी, एटीएम कार्ड, मोबाइल फोन और अन्य जरूरी दस्तावेज रखे हुए थे। घटना की सूचना मिलते ही कासना कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। घायल नवीन कुमार को प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

कासना कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र शुक्ला ने बताया कि घटना को गंभीरता से लिया गया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

लूट की घटना का खुलासा करने और आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए एसओजी की टीम सहित चार टीमें गठित की गई हैं।

# मोबाइल चोर गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

## 33 फोन और 50 से अधिक मोबाइल उपकरण बरामद



**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा की थाना सेक्टर 142 पुलिस ने मोबाइल फोन चोरी और छिनैती करने वाले एक गिरोह के फरार सदस्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 33 चोरी के मोबाइल फोन और मोबाइल फोन के विभिन्न पार्ट्स बरामद किए हैं, जिनमें 63 डिस्प्ले, 72 फ्रेम और 84 बैटरियां शामिल हैं।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान अमन कुमार के रूप में हुई है, जिसे सेक्टर 138 के एक पार्क से पकड़ा गया। अमन के गिरोह के तीन अन्य साथी ङ्क राजकुमार, कृष्ण कुमार और सुल्तान उर्फ मयंक ङ्क को मंगलवार को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था। उनके पास से एक चोरी की केटीएम बाइक, तीन स्मार्ट मोबाइल फोन और अन्य सामान बरामद हुआ था। अमन की गिरफ्तारी इन्हीं आरोपियों से पूछताछ के बाद हुई।

एडिशनल डीसीपी संतोष कुमार ने बताया कि आरोपी अमन मोबाइल रिपेयरिंग का काम करता है। वह अपने साथियों से चोरी के मोबाइल फोन लेकर उनके पार्ट्स बेचता था। यह गिरोह मिलकर मोबाइल फोन चोरी या छिनैती करता था और फिर उनके पुर्जे अलग-अलग बेच देता था। घटनाओं को अंजाम देने के लिए वे चोरी की मोटरसाइकिल का भी इस्तेमाल करते थे।

## इनामी लुटेरे पति-पत्नी और भाई गिरफ्तार

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा की सूरजपुर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत वांछित तीन इनामी लुटेरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में पति-पत्नी और भाई शामिल हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं। थाना सूरजपुर पुलिस और सर्विलांस टीम के संयुक्त अभियान में गैंग लीडर बिट्टू उर्फ प्रवेश कसाना और उसकी पत्नी सपना को 130 मीटर रोड से गिरफ्तार किया गया। बिट्टू उर्फ प्रवेश कसाना गाजियाबाद के लोनी थाना क्षेत्र के भूपखेड़ी गांव का निवासी है। गैंग लीडर के भाई शिवम कसाना को रात में मिग्सन विलासा गोलचक्कर के पास से पकड़ा गया। सूरजपुर थाना प्रभारी विनोद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि यह गिरोह अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर सड़क पर चलती कारों और अन्य वाहनों को निशाना बनाता था। वे चालक को बंधक बनाकर कार और उसमें रखा सामान लूट लेते थे। लूटा गया सामान सपना कसाना को सौंप दिया जाता था, जो बाद में उसे बेच देती थी।

# ग्रेटर नोएडा में वंचित बच्चों ने मनाया क्रिसमस

## एथोमार्ट ट्रस्ट ने सांता के साथ कार्यक्रम आयोजित किया

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के बिसरख स्थित प्राथमिक विद्यालय, छोटी मिलक में एथोमार्ट चैरिटेबल ट्रस्ट (ईएमसीटी) ने वंचित बच्चों के साथ क्रिसमस दिवस मनाया। यह कार्यक्रम बच्चों के लिए खुशियों और अपनेपन से भरा रहा।

कार्यक्रम में सांता क्लॉज के आने से बच्चों में विशेष उत्साह दिखा। बच्चों ने सांता के साथ खेल-कूद किया और उन्हें शुभकामनाओं के कार्ड व चिट्ठियां सौंपीं।

इस दौरान बच्चों ने सांता क्लॉज के साथ अपनी विश लिस्ट भी साझा की, जिसमें उनके छोटे-छोटे सपने और इच्छाएं शामिल थीं। सांता को देखकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

ईएमसीटी टीम ने बच्चों को मिठाइयां, चॉकलेट्स और कुकीज वितरित कीं।

इसके अतिरिक्त, बच्चों के लिए क्रिसमस कार्ड बनाने और सजावट से संबंधित रचनात्मक गतिविधियां भी आयोजित की गईं। बच्चों ने इन गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी कल्पना से सुंदर रचनाएँ





बनाईं।

इस अवसर पर ईएमसीटी की संस्थापक रश्मि ने कहा कि संस्था बच्चों द्वारा साझा की गई विश लिस्ट को पूरा करने का हर संभव प्रयास करेगी, ताकि उनके सपनों को नई उड़ान मिल सके।

कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय, छोटी मिलक, बिसरख के प्रधानाचार्य इकरार अहमद, अध्यापिका सरोज मौर्य, तथा ईएमसीटी सदस्य सरिता सिंह, गरिमा श्रीवास्तव और अमित गिरी भी उपस्थित थे। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

# शार्ट न्यूज

## मनोज भाटी बने गौतमबुद्ध नगर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष

**गौतम बुद्ध नगर।** जनपद दीवानी और फौजदारी बार एसोसिएशन गौतमबुद्ध नगर के चुनाव परिणाम बुधवार देर रात घोषित किए गए। इन चुनावों में मनोज भाटी ने अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की, जबकि शोभाराम चंदीला को सचिव चुना गया। मतगणना देर रात तक जारी रही। अध्यक्ष पद के लिए हुए मुकाबले में मनोज भाटी ने कुल 1555 मत प्राप्त कर अपने प्रतिद्वंद्वी योगेंद्र भाटी को हराया, जिन्हें 1222 वोट मिले। इस पद के लिए कुल 2785 मत डाले गए थे, जिनमें से 8 मत निरस्त कर दिए गए। सचिव पद पर शोभाराम चंदीला ने 1510 मतों के साथ जीत दर्ज की। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी नीरज भाटी को 815 और सतेंद्र नागर को 436 मत प्राप्त हुए। सचिव पद के लिए 2785 मतों में से 24 निरस्त हुए। अन्य प्रमुख पदों पर भी विजेताओं की घोषणा की गई। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर छत्रपाल सिंह (1246 मत) विजयी रहे, जबकि कनिष्क उपाध्यक्ष के रूप में मुस्कान ञ्च महिंद्री ने 1611 मतों के साथ जीत हासिल की। कोषाध्यक्ष पद पर कल्याण नागर ने 1562 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। सहसचिव के लिए सिंहराज चौधरी को 2193 मतों के साथ चुना गया, और सांस्कृतिक सचिव पद पर सोनम यादव ने 1504 मतों के साथ विजय प्राप्त की।

## ऑफिस बुलाकर सामूहिक दुष्कर्म किया

**गौतम बुद्ध नगर।** गौतमबुद्ध नगर जिला न्यायालय ने नौकरी दिलाने के नाम पर युवती से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी कोर्ट ने दो प्रॉपर्टी डीलरों राजीव गुप्ता और प्रदीप मित्तल को दोषी करार देते हुए दोनों को 20-20 साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने राजीव गुप्ता पर 2.95 लाख रुपए और प्रदीप मित्तल पर 2 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की 80त्न राशि पीड़िता को दी जाएगी। यह घटना अप्रैल 2017 में शुरू हुई, जब पीड़िता नौकरी की तलाश में नोएडा के सेक्टर-64 स्थित कॉमर्शियल बिल्डिंग में गई थी। वहां उसकी मुलाकात प्रॉपर्टी डीलर राजीव गुप्ता से हुई। राजीव ने कंप्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता बताते हुए पीड़िता से बायोडाटा लिया। कुछ दिनों बाद उसे 15000 रुपए प्रतिमाह पर नौकरी देने का आश्वासन दिया। पीड़िता को रिकॉर्ड मेंटेन करने का काम सौंपा गया था। करीब 15 दिन बाद पीड़िता ने नौकरी छोड़ दी और वेतन मांगा। एक दिन उसे ऑफिस बुलाया गया और कॉफी और खाना दिया गया। खाना खाने के बाद उसे तेज सिरदर्द होने लगा।

## रोड एक्सीडेंट में क्लीनर की मौत

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के यमुना एक्सप्रेसवे पर गुरुवार शाम एक सड़क हादसे में पिकअप के क्लीनर की मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में उस समय हुआ जब तेज रफ्तार महिंद्रा पिकअप अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। पुलिस के अनुसार, यह घटना जेवर से नोएडा की ओर जाते हुए 0 पॉइंट से 26 किलोमीटर दूरी पर हुई। हादसे में औरैया निवासी चालक अंकित और बादलपुर निवासी क्लीनर योगेश गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस और यमुना एक्सप्रेसवे के कर्मी मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को जेवर के एक अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के दौरान क्लीनर योगेश की मौत हो गई, जबकि चालक अंकित की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने क्षतिग्रस्त पिकअप को हाइवे से हटाकर यातायात को सामान्य किया। रबूपुरा कोतवाली पुलिस ने बताया कि देर शाम तक इस घटना की कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई थी।

## मृत किसान के नाम पर भूखंड का एग्रीमेंट

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में एक मृत किसान के नाम पर भूखंड का फर्जी एग्रीमेंट करने का मामला सामने आया है। इस धोखाधड़ी के आरोप में दो गवाहों सहित तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई पीड़ित बेटे की शिकायत पर अदालत के आदेश के बाद गुरुवार को की गई। धनौरी गांव निवासी सतीश उर्फ सतीश सोलंकी ने बताया कि यमुना प्राधिकरण ने उनके पिता की कुछ जमीन का अधिग्रहण किया था। इसके बदले उन्हें 300 वर्ग मीटर का आवासीय भूखंड मिलना प्रस्तावित था। सतीश सोलंकी के अनुसार, उनके पिता का निधन 29 अगस्त 2013 को हो चुका था। आरोप है कि पिता की मृत्यु के लगभग 16 महीने बाद, दिसंबर 2014 में, गाजियाबाद निवासी राजेश कुमार गोयल ने कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर मृत पिता के नाम पर प्रस्तावित 300 वर्ग मीटर के भूखंड का इकरारनामा अपने पक्ष में करा लिया। इस दौरान दिल्ली के करावल नगर निवासी यादराम शर्मा और धनौरी गांव निवासी राघव सिंह को गवाह बनाया गया।

## गिरोह बनाकर शहर में गांजा तस्करी करने वाले छह शातिरों पर लगी गैंगस्टर

नोएडा। फेज-दो थाना पुलिस ने गिरोह बनाकर दिल्ली-एनसीआर में गांजा तस्करी करने वाले छह बदमाशों के खिलाफ गैंगस्टर ऐक्ट के तहत कार्रवाई की है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर ऐक्ट में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने बताया कि जून में सीआरटी और थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए छह लोगों को गिरफ्तार किया था। आरोपियों के पास से करीब 30 किलो गांजा बरामद हुआ था। आरोपियों की पहचान गाजियाबाद के इंद्रापुरम निवासी मिलिंद सुमन उर्फ मिलन उर्फ रैक्स उर्फ चिंटू, पूर्वी दिल्ली निवासी अजीम, बुलंदशहर के कलोली निवासी बंटी कुमार, पश्चिम बंगाल के कोलकाता निवासी सूरज शाव, चंदन शाव ओर दिल्ली के तुगलकाबाद निवासी शमीम के रूय में हुई थी ।पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह गिरोह बनाकर दिल्ली-एनसीआर में गांजा की ऑनलाइन सप्लाई करते हैं। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस ने अब गैंगस्टर ऐक्ट के तहत केस दर्ज कर संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की जाएगी।

## भंगेल एलिवेटेड रोड के नीचे से अतिक्रमण हटाया

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण की टीम द्वारा गुरुवार को भंगेल एलिवेटेड रोड के नीचे अतिक्रमण हटाने का कार्य किया गया। साथ ही यहां की टूटी सड़क को भी प्राधिकरण सही कराएगा। दरअसल दो दिन पूर्व भंगेल-सलारपुर के व्यापारियों ने एलिवेटेड रोड के ऊपर मार्ग बंद करके प्राधिकरण को समस्याएं बताई थीं। इसमें टूटी सड़क के निर्माण करने, अतिक्रमण हटाने और भंगेल से फेस-टू जाने के लिए सर्विस रोड बनाने की मांग की गई थी। इसके बाद प्राधिकरण के संबंधित विभाग ने कार्रवाई करते हुए गुरुवार को भंगेल-सलारपुर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इससे दोनों गांवों के बाजार में रेहड़ी-पटरी वालों की भगदड़ मची रही ।वहीं भंगेल एलिवेटेड रोड के नीचे बनने वाली 5.5 किलोमीटर लंबी सड़क अब प्राधिकरण बनाएगी। संबंधित एजेंसी के इंकार के बाद प्राधिकरण सड़क तैयार कराएगी। प्राधिकरण को ब्रिज कारपोरेशन की ओर से एक पत्र मिला है, जिसमें एजेंसी ने साफ कहा है कि बकाया राशि न मिलने की स्थिति में वह नीचे की सड़क और अन्य शेष कार्य नहीं कर पाएगी। यह बकाया लगभग 150 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

## नववर्ष पर शराब की दुकानें 11 बजे तक खुलेंगी

**ग्रेटर नोएडा।** शराब के शौकीनों के लिए अच्छी खबर है। क्रिसमस व नववर्ष को ध्यान में रखते हुए राजस्व के हित में शराब की दुकान बंद होने का समय एक घंटे बढ़ा दिया गया है। क्रिसमस व नववर्ष पर 30 व 31 दिसंबर को शराब की दुकानें रात 11 बजे तक खुलेगी। जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि क्रिसमस के उपलक्ष्य में 24 व 25 दिसंबर को तथा नववर्ष के स्वागत के अवसर पर 30 और 31 दिसंबर को जनपद की समस्त फुटकर मदिरा दुकानें अपने निर्धारित समय से अधिक देर तक खुली रहेंगी। इन चार विशेष तिथियों पर मदिरा की बिक्री सुबह 10: 00 बजे से शुरू होकर देर रात 11: 00 बजे तक की जा सकेगी। प्रशासन का यह कदम त्योहारों के दौरान होने वाली अतिरिक्त भीड़ को व्यवस्थित करने और राजस्व हितों को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है। दुकानदारों को इस अवधि के दौरान नियमों का पूर्णत: पालन कराए जाने के आदेश दिए गए हैं।

# गाजीपुर में खूनी संघर्ष, 2 युवकों की हत्या


**बर्थडे पार्टी से लौट रहे 3 युवकों को घेरकर मारा, कल्हाड़ी से काटा, एक अभी भी लापता**

गाजीपुर। गाजीपुर में दो युवकों की हत्या कर दी गई है। एक युवक की गोली मारकर हत्या की गई है और धारदार हथियार से गर्दन को रेता गया है, जबकि हमलावरों ने दूसरे को लाठी-डंडों और धारदार हथियार काटा है। एक आंख भी फोड़ दी।

एक युवक का शव तालाब के पास मिला है। जबकि दूसरे युवक की लाश तालाब में गुरुवार दोपहर में मिली। एक युवक अभी भी लापता है। एसडीआरएफ की टीम ने उसकी तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चला। शुक्रवार को फिर से सर्चिंग की जाएगी।

उधर, परिजन ने दो शवों को ले जाने से इनकार कर दिया। लोग सड़क जाम कर हंगामा करते रहे। करीब 8 घंटे हंगामे के बाद एसपी ईरज रजा के समझाने पर माने। घटना के बाद से गांव में तनाव है। गांव में 50 से अधिक पुलिसवाले तैनात हैं।

वारदात एशिया के सबसे बड़े गांव गहमर की बुधवार देर रात करीब 11 बजे की है। इस वारदात की वजह करीब तीन महीने पहले दुर्गा पूजा के




दौरान दो पक्षों में हुए विवाद को माना जा रहा।

## डेढ़ महीने पहले दुर्गा पूजा में हुई थी मारपीट

गहमर गांव के खेलू राय पट्टी में तीन महीने पहले नवरात्रि पर दुर्गा पूजा का आयोजन किया गया था। इस दौरान 27 सितंबर को डीजे पर डांस को लेकर दो गुटों का विवाद हो गया था। गांववालों के अनुसार, शैलेंद्र और विपिन का दूसरे गुट के युवकों विक्की सिंह, सौरभ सिंह, अंकित सिंह से विवाद हो गया था।

दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई थी। पुलिस ने दोनों गुटों के 8 लोगों पर स्न्ढ्ढक्रदर्ज की थी। इनमें मृतक विक्की और सौरभ का भी नाम शामिल था। हालांकि, गिरफ्तारी किसी की नहीं हुई थी। इस घटना के बाद दोनों पक्ष एक दूसरे से खार खाए हुए बैठे थे।

## बर्थडे पार्टी से लौटते समय बाइक से गिराकर मारा

गांव वालों के अनुसार, बुधवार रात करीब 11.30 बजे विक्की, सौरभ और लक्ष्मण एक ही बाइक से अपने किसी दोस्त की बर्थडे पार्टी से लौट रहे थे। शैलेंद्र पक्ष के युवकों को इसकी जानकारी पहले से थी। शैलेंद्र गुट के 7-8 युवक पहले से रास्ते में घात लगाए बैठे थे।

जैसे ही दोनों उधर से गुजरे तो शैलेंद्र गुट ने घेर लिया। बाइक से गिराकर तीनों को लाठी-डंडों से पीटने लगे।

विक्की नामक युवक को अधमरा करने के बाद किसी धारदार हथियार से गर्दन पर वार किया। इसके बाद उसके सिर में गोली मार दी। विक्की के अलावा सौरभ को लाठी-डंडों से पीटा और चेहरे पर कुल्हाड़ी से कई वार किए। उसकी एक आंख फोड़ दी और तीनों को तालाब में फेंक दिया।

# किसान यूनियन (राष्ट्रीयतावादी अराजनैतिक) का धरना प्रदर्शन कल

**विशाल इंडिया पूनम तिवारी**

अंबेडकर नगर। भारतीय किसान यूनियन (राष्ट्रीयतावादी अराजनैतिक) ने जिला अध्यक्ष पवन कुमार सिंह के नेतृत्व में लिखित ज्ञापन लेकर उप जिलाधिकारी भीटी धर्मेंद्र कुमार सिंह को अवगत कराया है कि दिनांक 26 दिसंबर को माइक लाउडस्पीकर के साथ क्षेत्राधिकार भीटी कार्यालय पर सुबह 11: 00 बजे से शाम 4: 00 बजे तक धरना प्रदर्शन करेगा।जिला अध्यक्ष पवन कुमार सिंह ने बताया कि उक्त धरना प्रदर्शन में पंचायत के लिए भीटी सर्किल के भीटी थाना अध्यक्ष,महरुआ थाना अध्यक्ष,अहिरौली थाना अध्यक्ष मौजूद रहने चाहिए इस आशय का ज्ञापन एसडीएम भीटी को दिया गया है। जिला अध्यक्ष पवन कुमार सिंह ने बताया कि उप जिलाधिकारी भीटी की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है।धरना प्रदर्शन किसानों का आंदोलन उक्त समय पर होगा। उन्होंने कहा कि किसानों के साथ भीटी तहसील के नागरिकों के साथ हो रहे अत्याचार के लिए आवाज उठाई जाएगी।

# सुल्तानपुर में प्रेरणा ग्राम संगठन भवन का उद्घाटन, योजनाओं की दी जानकारी



**पीलीभीत।** सुशासन सप्ताह के अंतर्गत जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने विकासखंड पूरनपुर के ग्राम सुल्तानपुर स्थित ग्राम पंचायत सचिवालय में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत राधे-राधे प्रेरणा ग्राम संगठन के कार्यालय भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना, फैमिली आईडी, कृषक दुर्घटना बीमा योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने पर जोर दिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि महिलाएं कुक्कुट पालन, बकरी पालन, मत्स्य पालन, डेयरी जैसे कार्यों से अपनी आय बढ़ा सकती हैं। इसके साथ ही सिलाई, ब्यूटी पार्लर, फास्ट फूड, जलकुंभी से उत्पाद निर्माण जैसे घरेलू कार्यों को अपनाकर आत्मनिर्भर बन सकती हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह हेतु आवेदन करने की जानकारी भी दी।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के चार लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र तथा दो बच्चों को जन्म प्रमाण पत्र वितरित किए गए। लगाए गए शिविर में छह लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए।

इसके बाद जिलाधिकारी ने विकासखंड पूरनपुर क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय मुरादपुर माती का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में प्रकाश व्यवस्था, फर्नीचर, पेयजल, शौचालय, हैंडवॉश सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास, उप जिलाधिकारी पूरनपुर, खंड विकास अधिकारी, पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान सहित अन्य अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# शार्ट न्यूज

## पुलिस ने खोया मोबाइल लौटाया: खोया हुआ मोबाइल फोन एक घंटे के अन्दर बरामद

**ललितपुर ।** जाखौरा थाना पुलिस ने एक खोया हुआ मोबाइल फोन एक घंटे के अन्दर बरामद कर उसके मालिक को सौंप दिया। खोये हुए मोबाइल की अनुमानित कीमत करीब 19,000 हजार रूपये को बरामद कर उसके स्वामी को सुपुर्द कर, चेहरे पर लौटाई मुस्कान । पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह तथा क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना जखौरा पर जनसुनवाई/पोर्टल पर गिरे / खोये हुए मोबाइल फोन के सम्बन्ध में प्राप्त प्रार्थना पत्र में नियमानुसार गुमशुदगी अंकित की गयी थी । थाना जखौरा पुलिस की साइबर क्राइम हेल्प डेस्क पुलिस टीम ने पीड़ित द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रपत्रों का अवलोकन कर, त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुए पीड़ित व्यक्ति द्वारा बताये गये रूट चार्ट के अनुसार सीसीटीवी फुटेज की मदद से मोबाइल के गुम होने के स्थान का पता लगाकर 01 घण्टें के अन्दर 01 अदद गिरे हुए / खोये हुए मोबाइल फोन को बरामद कर, उसके स्वामी को सुपुर्द किया गया ।

## पत्नी ने पति को कुल्हाड़ी से काट डाला

**कानपुर।** कानपुर में पत्नी ने पति को कुल्हाड़ी से काटकर मार डाला। बुधवार रात बहन के घर से शराब पीकर लौटी पत्नी ने पति पर 10 से 15 वार किए। इसके बाद घर से एक किलोमीटर दूर रहने वाले ससुराली के लोगों को एक्सीडेंट की जानकारी दी। तुरंत परिजन घर पहुंचे तो महिला घर में फैला खून साफ करने में जुटी थी। परिजनों की सूचना पर बिठूर पुलिस पहुंची। पति की सांसें चल रही थी। पहले उसे प्राइवेट अस्पताल, फिर हैलट ले जाया गया, यहां गुरुवार तड़के इलाज के दौरान 45 साल के पप्पू ने दम तोड़ दिया। मां बिटोला ने बताया कि शादी के कुछ समय बाद से ही बहू आए दिन बेटे पप्पू से झगड़ा करती थी। चार साल पहले बेटे-बहू ने हम लोगों को घर से निकाल दिया। इसके बाद से मैं पति और छोटे बेटों संतोष, जीतू के साथ घर से एक किलोमीटर दूर झोपड़ी बनाकर रहने लगे। बताया कि बहू शराब की लती थी, आए दिन नशे में धुत होकर पतिङ्कपत्नी के बीच छोटीङ्कछोटी बातों को लेकर झगड़ा होता रहता था।

## मोबाइल रखने पर पत्नी को मार डाला

**गोरखपुर।** गोरखपुर में पति ने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद घर के पीछे खाली पड़ी जमीन में 6 फीट गड्ढा खोदकर डेडबॉडी का दफना दिया। 4 दिन तक महिला का पता न चलने पर महिला के ससुर थाने पहुंचे। उन्होंने अपने ही बेटे के खिलाफ तहरीर दी। कहा- मेरे बेटे ने बहू की हत्या कर लाश को कहीं फेंक दिया है। इसके बाद पुलिस ने आरोपी पति को अरेस्ट कर पूछताछ की। उसने सच कबूल दिया। उसने बताया कि मेरी पत्नी एक युवक से बात करती थी। वह मोबाइल रखती थी। इसकी जानकारी मुझे नहीं थी। वह अपने बॉयफ्रेंड से बात करती थी। इसीलिए 21 दिसंबर को मैंने उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। फिर गड् ?ढे में दफना दिया। पुलिस ने गुरुवार को गड्ढा खोदकर डेडबॉडी को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटना बेलघाट थाना क्षेत्र की है। बेलघाट के बेईली कुंड निवासी अर्जुन पुत्र श्याम नारायण, लुधियाना में मजदूरी करता है। 21 दिसंबर को उसने अपनी 25 वर्षीय पत्नी खुशबू की गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद शव को घर के पिछले हिस्से में छह फीट गहरा गड्ढा खोदा। फिर उसमें डेडबॉडी को दफना दिया।

## झांसी में कार के अंदर युवक की लाश मिली

**झांसी।** झांसी में एक युवक की लाश कार के अंदर मिली है। युवक दो किसानों की मूंगफली लेकर मंडी गया था। मूंगफली बेचने के बाद उसने दोनों किसानों को उनके घर छोड़ा और अपने घर की ओर रवाना हो गया। जब युवक घर नहीं पहुंचा, तो परिजन उसकी तलाश में जुट गए। घर से लगभग 500 मीटर दूर उनकी कार मिली, जिसमें युवक बेसुध पड़ा था। परिजनों ने उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है और मौत के कारणों का पता लगाने में जुटी है। यह पूरा मामला बबीना थाना क्षेत्र के सरवां गांव का है। युवक का नाम राहुल ठाकुर (34) पुत्र कप्तान सिंह था। वह मध्य प्रदेश के ओरछा थाना क्षेत्र के ढंका पीपरी गांव का रहने वाला है। मृतक के भाई शिवप्रताप ने बताया- मेरे भाई राहुल पिकअप गाड़ी चलाते थे। पड़ोस का गांव सरवां यूपी में लगता है। सरवां के दो किसान (सुरेश गुप्ता और सुनील) मंगलवार को पिकअप बुक करके मूंगफली बेचने भोजला मंडी गए थे। मूंगफली बेचने के बाद मेरे भाई ने दोनों को उनके घर छोड़ा।

## घर में घुसकर महिला को लात-घूंसों से पीटा

कानपुर। कानपुर में घर में घुसकर हमलावरों ने महिला पर हमला कर दिया। उसे लात-घूंसों से जमकर मार। मारपीट में उसके दाएं हाथ में फ्रैक्चर हो गया। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ रावतपुर पुलिस को तहरीर दी। मगर पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। इसके बाद पीड़िता ने पुलिस आयुक्त से गुहार लगाई। पुलिस आयुक्त ने थाना पुलिस को मुकदमा दर्जकर जांच के आदेश दिए हैं। दौलतपुर धामी खेड़ा मसवानपुर निवासी रजोला सोनकर ने पुलिस आयुक्त को दी तहरीर में बताया कि घर में सामान चोरी होने की घटना पर पड़ोस के कुलदीप सोनकर आदि के खिलाफ रावतपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया था । इसी मुकदमे को लेकर वह लोग रंजिश मानने लगे। 6 दिसम्बर को 10: 30 बजे राजबहादुर, कुलदीप सोनकर, बलवान कुशवाहा द्वारा मुकदमा वापस लेने की धमकी दी गई थी। जिस पर पीड़िता ने इसका विरोध किया तो सभी लोगों ने लात घूंसों से मारने लगे। जिससे दाएं हाथ में फ्रैक्चर हो गया। इसके बाद रजोला सोनकर ने आरोपियों के खिलाफ रावतपुर पुलिस को तहरीर दी।

# साइबर क्राइम रोकथाम के लिए चलाया जागरूकता अभियान




**ललितपुर ।** जखौरा साइबर अपराधों के खिलाफ साइबर क्राइम सेल ने जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, जनपद ललितपुर के साइबर क्राइम सेल, थाना जखौरा पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में जनता के लोगों को साइबर क्राइम के प्रति जागरुक किया गया तथा साइबर क्राइम से बचाव हेतु उपाय बताया गया । जागरुकता कार्यक्रम के दौरान साइबर बुलिंग, स्टॉकिंग, फिसिंग, स्लेबरी, आईडेन्टिटी थेफ्ट आदि के विषय में विस्तृत रुप से जानकारी दी गई तथा साइबर अपराध से बचाव के सम्बंध में निम्न जानकारियाँ दी गई। डीप फेक, एआई, डिजिटल अरेस्ट आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया गया । किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें तथा प्लेस्टोर/आईओएस से जेनुइन ऐप ही डाउनलोड करें, इनके अतिरिक्त किसी अन्य प्लेटफॉर्म से कोई ऐप डाउनलोड न करें । किसी अनजान व्यक्ति से अपनी बैंकिंग सम्बंधी कोई भी डिटेल शेयर न करें तथा ओटीपी आदि मांगने पर न दें ।

# यूपी में गर्लफ्रेंड की हत्याकर प्रेमी ने जान दी

बागपत। बागपत में प्रेमिका की हत्या करके प्रेमी ने जान दे दी। उसने प्रेमिका के सिर में गोली मारी। बुलेट कनपटी को चीरते हुए निकल गई। थोड़ी देर में उसकी मौत हो गई। यह देखकर प्रेमी भागकर घर पहुंचा। पकड़े जाने के डर से 30 मिनट बाद घर के आंगन में नीम के पेड़ पर फांसी लगा ली। पुलिस जांच में पता चला कि सतनाम और गुड्डन का 2 साल से अफेयर था। सतनाम आज सुबह घर से 50 मीटर दूर प्रेमिका के घर पहुंचा। दोनों के बीच किसी बात पर कहासुनी होने लगी। इसी दौरान सतनाम ने कमर से तमंचा निकाला और फायर कर दिया, फिर खुद सुसाइड कर लिया। पूरा मामला बड़ौत थाना क्षेत्र के बावली गांव का है।

# अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती पर भाजपा कार्यालय में सुशासन दिवस मनाया गया

**पीलीभीत।** भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती पूरे देश के साथ जनपद में भी श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर 'सुशासन दिवस' के रूप में उनके जीवन, राजनीतिक योगदान और कविताओं को दर्शाने वाली विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं अवलोकन माननीय केंद्रीय मंत्री एवं सांसद जितिन प्रसाद ने किया। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे लोकतंत्र के सच्चे प्रहरी, कुशल प्रशासक और संवेदनशील कवि थे। उनके द्वारा स्थापित सुशासन के सिद्धांत आज भी देश के लिए मार्गदर्शक हैं।



कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, कार्यक्रम संयोजक जिला उपाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, एमएलसी डॉ. सुधीर गुप्ता, पूर्व विधायक किशन लाल राजपूत, जिला महामंत्री लेखराज भारती व दिनेश पटेल, जिला उपाध्यक्ष रेखा सिंह परिहार व सुषमा सिंह, जिला मंत्री अनुराग अग्निहोत्री व आयुष मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी स्वतंत्र देवल, रेनू राज, विवेक शुक्ला, साकेत सक्सेना, देव प्रकाश, कार्यालय मंत्री हेमराज दिवाकर, विकास वाल्मीकि सहित समस्त मंडलों के अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान अटल जी के जीवन मूल्यों, राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान तथा उनकी प्रेरणादायी कविताओं पर चर्चा की गई। उपस्थित जनों ने उनके बताए मार्ग पर चलने और सुशासन को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

ललितपुर। माननीय मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार की महत्वकांक्षी योजना मिशन शक्ति फेज-5.0 नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद ललितपुर में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज- 5.0 अभियान के अन्तर्गत जनपद के थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों व गाँव-गाँव आदि जगहों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और



आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीड़न से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार व हेल्प लाइन से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की ।विशेष रूप से यह स्पष्ट किया गया कि साइबर अपराधी डर और लालच का सहारा लेते हैं, ऐसे में किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या ओटीपी साझा न करने की सख्त हिदायत दी गई। मिशन शक्ति टीम द्वारा आपात सहायता हेतु हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए उनके त्वरित उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। 112 - आपातकालीन सेवा 1090 / 1091 - महिला सुरक्षा हेल्पलाइन 181 - महिला हेल्पलाइन 1930 - साइबर अपराध हेल्पलाइन 1076 - मुख्यमंत्री हेल्पलाइन टीम ने उपस्थित जनसमूह को यह भरोसा दिलाया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न या साइबर ठगी की सूचना तुरंत देने पर पुलिस पूरी गंभीरता से कार्रवाई करेगी। नारी की सुरक्षा केवल जिम्मेदारी नहीं, ललितपुर पुलिस का संकल्प है।जनपद ललितपुर पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत इस प्रकार के जन-जागरूकता कार्यक्रम आगे भी लगातार आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि हर महिला स्वयं को सुरक्षित, जागरूक और सशक्त महसूस कर सके।

## दो बहनों ने डॉग के लिए सुसाइड किया

लखनऊ। लखनऊ से एक हैरान वाली खबर सामने आई है। यहां 24 और 22 साल की दो सगी बहनों ने अपने पालतू डॉग के लिए जान दे दी। डॉग 1 महीने से बीमार है। उसकी लगातार दवा चल रही थी, लेकिन कुछ सुधार नहीं हो रहा था। दोनों बहनों का अपने डॉग से काफी भावनात्मक लगाव था। पिता भी कई महीने से बीमार हैं। इससे दोनों बहनें डिप्रेशन में थी। बुधवार को दोनों ने एक साथ फिनायल पी लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिवार को जानकारी हुई। तत्काल दोनों को अस्पताल ले जाया गया। जहां पहले बड़ी बहन और बाद में छोटी बहन ने दम तोड़ दिया। घटना पारा थाना क्षेत्र के दोदा खेड़ा जलालपुर की है। पारा थाना क्षेत्र के दोदा खेड़ा जलालपुर निवासी कैलाश सिंह (65 साल) की दो बेटियों राधा सिंह (24) और जिया सिंह (22) ग्रेजुएशन पास थीं। दोनों बहनों ने जर्मन शेफर्ड नस्ल का एक डॉग पाल रखा था। उसका नाम टोनी है। वह 1 महीने से बीमार है। डॉग की तबीयत सही नहीं हो रही है। राधा और जिया को आशंका थी कि डॉग टोनी अब नहीं बचेगा। दोनों बहनें डिप्रेशन में रहने लगी थीं। बताया जा रहा है कि छोटी बहन जिया सिंह की पहले से भी मानसिक स्थिति कुछ ठीक नहीं थी। बुधवार को दोनों ने फिनायल पीने के बाद तुरंत मां गुलाबा देवी को बताया। मां ने बड़े भाई वीर सिंह को फोन कर इसकी सूचना दी।

# बिजली चोरी के प्रकरणों की विवेचना प्रगति पर, न्यायालय से जारी होंगे समन : डीएम

**बिजली बिल राहत योजना का प्रथम चरण 31.12.2025 को हो रहा समाप्त**

**ललितपुर।** विद्युत विभाग द्वारा जिले में विद्युत चोरी एवं विद्युत के अप्राधिकृत प्रयोग के चलते बहुत से प्रकरणों में एण्टी पावर थैफ्ट थाने में एफ0आई0आर0 दर्ज कराई जाती रही है। इस सम्बंध में जिलाधिकारी श्री सत्य प्रकाश ने अवगत कराया है कि विद्युत चोरी या अप्राधिकृत विद्युत प्रयोग पर धारा 135 के तहत विभाग के द्वारा प्राथमिकी दर्ज करायी जाती है जिसकी विवेचना के पश्चात् विद्युत अधिनियम एक्ट के स्पेशल न्यायालय में इसकी सुनवाई होती है। विभाग की जानकारी के अनुसार वर्तमान में सभी प्रकरणों की विवेचना बहुत ही तेजी से चल रही है ताकि समय से उनका सम्मन जारी किया जा सके और प्रकरण की सुनवाई की जा सके। विभागीय अधिकारियों ने ऐसी स्थिति में बताया है कि वर्तमान में जो बिजली बिल राहत योजना चल रही है उसके



अन्तर्गत विद्युत चोरी के प्रकरणों में भी 50 प्रतिशत की छूट विभाग के द्वारा दी जा रही है। ऐसे में यह बहुत ही अच्छी योजना है और उन उपभोक्ताओं के लिए एक मौका है कि वह इस योजना के तहत 50 प्रतिशत का लाभ प्राप्त करते हुए प्रकरण को समाप्त करायें। अन्यथा की स्थिति में प्रकरण में पूर्ण भुगतान तो भविष्य में करना ही होगा। इस योजना के तहत जनपद में जो प्रकरण हैं उनकी संख्या 11157 है, जिन पर लगभग 51.00 करोड़ रूपये का राजस्व निर्धारण विभाग द्वारा किया गया है। सम्बन्धित उपभोक्ता अपने निकटतम खण्डीय/उपखण्डीय कार्यालय में सम्पर्क कर अथवा सीएससी में पंजीकरण कराते हुए 50प्रतिशत धनराशि जमा कर अपना प्रकरण समाप्त करा सकते हैं ।

यह भी अवगत कराना है कि बिजली बिल राहत योजनान्तर्गत जनपद के 81489 नग पात्र उपभोक्ताओं में से 6990 नग लॉग अनपेड एवं 1314 नेवरपेड उपभोक्ताओं कुल 8304 नग विद्युत उपभोक्ताओं के द्वारा योजना में पंजीकरण कराते हुए रू0 4.37 करोड की धनराशि विद्युत विभाग में जमा करायी गयी है। उक्त के अतिरिक्त अभी भी काफी संख्या में उपभोक्ता उक्त योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु अभी भी शेष हैं, जबकि योजना का प्रथम चरण दिनांक 31.12.2025 को समाप्त हो रही है ।

## एएमयू में टीचर की गोली मारकर हत्या

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय कैंपस में बुधवार रात एक टीचर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। रोज की तरह टीचर खाना खाने के बाद टहलने निकले थे। रात करीब साढ़े 9 बजे टीचर अपने दो अन्य साथियों के साथ मौलाना आजाद लाइब्रेरी की कैंटीन पहुंचे। तभी बाइक से आए दो बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। गोली चलने से कैंटीन में मौजूद छात्रों में अफरा-तफरी मच गई। इसी दौरान बदमाशों ने टीचर को मार दी। गोली सीधे सिर में जा लगी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायल टीचर को तत्काल मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक शिक्षक का नाम राव दानिश था। वे पहले एएमयू के छात्र रह चुके थे और वर्तमान में एबीके यूनियन स्कूल में शिक्षक के रूप में पढ़ाते थे। उनके पिता प्रोफेसर हिलाल और माता दोनों एएमयू से रिटायर्ड हैं। एसएसपी नीरज कुमार जादौन खुद घटनास्थल पर पहुंचे। साथ ही पुलिस कैंपस के सीसीटीवी को खंगाल रही है।

# मतदाता सूची को शुद्धतम रुप देना एसआईआर का मुख्य उद्देश : जिला निर्वाचन अधिकारी

**कोई भी वैद्य मतदाता, सूची में शामिल होने से छूटेगा नहीं, भ्रान्तियों से दूर रहें मतदाता**

**ललितपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त निर्देशों के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी सत्य प्रकाश ने विशेष प्रगाढ़ पुनपरीक्षण (एसआईआर)-2026 के सम्बंध में जनपद के राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कलैक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को बैठक कर उन्हें एएसडी मतदाताओं का डाटा पेनड्राइव में उपलब्ध कराते हुए किसी भी त्रुटि की स्थिति से अवगत कराने की अपील की। जिलाधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों से कहा कि एएसडी मतदाताओं के सम्बंध में यदि उन्हें कोई शंका है तो उसे दर्ज करा दें, ताकि कल 26 दिसम्बर तक उसमें सुधार किया जा सके, उन्होंने कहा कि इस अभियान का एकमात्र उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्धतम रुप देना है। कोई भी पात्र वोटर



सूची में शामिल होने से नहीं छूटेगा। सभी बीएलओ व राजनैतिक दलों के बीएलए को यह सूची उपलब्ध करायी जा चुकी है और जिले स्तर पर आप लोगों को यहां दूसरी बार यह सूची दी जा रही है, सूची का अच्छे से अवलोकन कर लें और यदि आपको लगता है कि कोई मतदाता छूट गया है या कोई अपात्र मतदाता सूची में शामिल हो गया है तो ऐसी किसी भी त्रुटि से हमें समय से अवगत करा दें कल तक उसमें सुधार किया जाएगा।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि पिछली बैठक के समय जनपद में कुल 1063 पोलिंग बूथ थे, जिसे सम्भाजन के प्रस्ताव के आधार पर और निर्वाचन आयोग के अनुमोदन के उपरान्त बढ़ाकर 1156 किया गया है, परन्तु पोलिंग सेन्टरों की संख्या पूर्व की भांति ही है, क्योंकि इनमें पर्याप्त स्थान उपलब्ध है। इसके साथ ही वर्तमान में कुल मतदाता 958795 के सापेक्ष 865521 मतदाताओं (90.27 प्रतिशत) का ईएफ डिजिटाईजेशन हो चुका है, 93278 मतदाता एएसडी श्रेणी में हैं।

उन्होंने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि किसी भी भ्रान्ति या सूचना के आदान प्रदान के लिए हमसे सम्पर्क करें। बैठक में समस्त राजनैतिक दलों ने जनपद में चल रहे। एसआईआर के प्रति संतुष्टि जाहिर की और कहा कि वे सभी इसमें सहयोग कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका के डेलावेयर में फायरिंग, पुलिसकर्मी और संदिग्ध की मौत

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के डेलावेयर में गोलीबारी में एक पुलिसकर्मी और एक संदिग्ध की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को विलमिंगटन के पास एक मोटर वाहन एजेंसी में हुई गोलीबारी में संदिग्ध बंदूकधारी के साथ डेलावेयर राज्य का एक पुलिस अधिकारी की भी मौत हो गई। राज्य पुलिस ने सोशल मीडिया पर कहा कि दोपहर 3 बजे से पहले ही खतरा टल गया था और वे अन्य चोटों का आकलन करना जारी रखे हुए हैं। बयान में कहा, 'राज्य और स्थानीय कानून प्रवर्तन एजेंसियां मौके पर मौजूद हैं और राहत कार्यों का समन्वय कर रही हैं।'

### पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में हुए हमले में 5 पुलिसकर्मी मारे गए

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मंगलवार को अज्ञात सशस्त्र हमलावरों ने एक पुलिस वैन पर गोलीबारी की, जिसमें पांच पुलिसकर्मी मारे गए। यह घटना करक जिले में उस समय घटी जब पुलिस अधिकारी नियमित गश्त पर थे। जिला पुलिस अधिकारी (डीपीओ) सऊद खान ने बताया कि वैन में सवार सभी पांच पुलिसकर्मी हमले में मारे गए हैं। पुलिस की भारी टुकड़ी मौके पर पहुंची, इलाके को घेर लिया और सबूत जुटाना शुरू कर दिया। हमलावरों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया गया। करक जिले की पुलिस और आतंकवाद विरोधी विभाग (सीटीडी) की टीमों ने भी हत्या में शामिल लोगों को पकड़ने के लिए एक संयुक्त अभियान शुरू किया। पहाड़ी इलाके में पीछा करने के दौरान टीमों का आतंकवादियों से सामना हुआ, जिसके परिणामस्वरूप भीषण गोलीबारी हुई, जिसमें आठ आतंकवादी मारे गए। मारे गए आतंकवादियों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल ले जाया गया है, जबकि उनकी पहचान सुनिश्चित करने के प्रयास जारी हैं। मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी ने हमले की कड़ी निंदा करते हुए इस घटना को 'बेहद दुर्भाग्यपूर्ण' और 'निंदनीय' बताया।

### पोलैंड की कोयला खदान में विस्फोट, दो मजदूरों की मौत

**वॉरसॉ, एजेंसी।** पोलैंड में प्नियोवेक कोयला खदान में भूमिगत विस्फोट के कारण दो मजदूरों की मौत हो गई। खदान संचालक कंपनी जेएसडब्ल्यू के अनुसार, सोमवार शाम 5 बजे खदान में अचानक मीथेन गैस और चट्टानों का तेज उभार हुआ। उस समय 10 मजदूर काम कर रहे थे। घटना के बाद आठ मजदूर बाहर निकल आए, जबकि दो फंस गए। करीब सात घंटे बाद दोनों को बाहर लाया जा सका, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### उत्तरी कैलिफोर्निया में अचानक आई बाढ़ से एक की मौत

**सैक्रामेंटो , एजेंसी।** उत्तरी कैलिफोर्निया में भारी बारिश और बाढ़ से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। सड़कों पर पानी भर गया, कई जगहों पर लोगों को वाहनों और घरों से रेस्क्यू करना पड़ा। इस दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई। रेडिंग शहर में एक वाहन चालक की मौत हो गई। मेयर माइक लिटाउ के मुताबिक, व्यक्ति ने 911 पर कॉल किया था, जब उसकी कार पानी से भरने लगी। पुलिस अधिकारी पानी में तैरकर मौके पर पहुंचे और शीशा तोड़कर व्यक्ति को बाहर निकाला, लेकिन सीपीआर के बावजूद उसकी जान नहीं बच सकी।

### ब्रिटेन में 56 यौन अपराधों का आरोपी किया गया गिरफ्तार

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन में फिलिप यंग (49) नामक शख्स पर अपनी पूर्व पत्नी जोआन यंग (48) को 13 वर्षों तक नशा देकर दुष्कर्म करने सहित 56 यौन अपराधों के आरोप लगाए गए हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। फिलिंग पर दुष्कर्म, यौन उत्पीड़न के लिए नशीला पदार्थ देने, वोयरिज्म, बच्चों से जुड़ी अश्लील तस्वीरें रखने और आपत्तिजनक सामग्री के कब्जे जैसे गंभीर मामले आरोप हैं। यह घटनाएं 2010 से 2023 के बीच की बताई जा रही हैं।

### अमेरिका में नर्सिंग होम में धमाका, इमारत का हिस्सा ढहा ; कई लोग घायल

**फिलाडेल्फिया, एजेंसी।** अमेरिका के पेंसिल्वेनिया राज्य में फिलाडेल्फिया के पास ब्रिस्टल हेल्थ एंड रिहैब सेंटर नाम के नर्सिंग होम में मंगलवार दोपहर जोरदार धमाका हो गया। धमाके से इमारत का एक हिस्सा ढह गया और कई लोग घायल हो गए। अधिकारियों के मुताबिक, कुछ लोगों के अंदर फंसे होने की भी आशंका है। धमाका स्थानीय समय के मुताबिक, दोपहर करीब 2:17 बजे हुआ। इससे पहले नर्सिंग होम में गैस की गंध की शिकायत मिली थी, जिसके बाद गैस कंपनी की टीम जांच के लिए पहुंची थी। इसी दौरान अचानक विस्फोट हो गया। घटनास्थल से काला धुआं उठता देखा गया।

# बांग्लादेश में निष्पक्ष चुनाव पर अमेरिकी सांसदों की चेतावनी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के कुछ प्रभावशाली सांसदों ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को चेतावनी दी है कि अगर फरवरी में होने वाले चुनावों से पहले राजनीतिक दलों की भागीदारी पर रोक लगाई गई, तो स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराना संभव नहीं होगा। इन सांसदों ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस को एक पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने कहा कि सरकार को सभी राजनीतिक दलों से संवाद कर लोकतांत्रिक संस्थाओं में लोगों का भरोसा दोबारा कायम करना चाहिए। यह पत्र अमेरिकी सांसद ग्रेगरी डब्ल्यू. मीक्स, बिल हुइजेंगा और सिडनी कैमलैगर-डोव ने लिखा, जबकि जूली जॉनसन और थॉमस आर. सुओजी ने भी इस पर हस्ताक्षर किए। मंगलवार को यूनुस को लिखे पत्र में सांसदों ने लिखा, 'हम बांग्लादेश में राष्ट्रीय संकट के समय अगले साल फरवरी में होने वाले चुनावों से पहले एक अंतरिम सरकार का नेतृत्व करने के लिए आपके आगे आने की इच्छा का स्वागत करते हैं। ये बहुत जरूरी है कि अंतरिम सरकार सभी राजनीतिक दलों के साथ मिलकर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के लिए माहौल बनाए, जिससे लोग शांतिपूर्ण तरीके से मतदान के जरिए अपनी राय रख सकें। साथ ही ऐसे सुधार हों जो राज्य संस्थानों की निष्पक्षता और




ईमानदारी में विश्वास बहाल करें।'

उन्होंने चिंता जताई कि अगर सरकार राजनीतिक दलों की गतिविधियां निलंबित करती है या फिर विवादित अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण को दोबारा शुरू करती है, तो चुनाव प्रक्रिया पर लोगों का भरोसा और कमजोर हो सकता है।

अमेरिकी सांसदों ने यह भी याद दिलाया कि अमेरिकी विदेश विभाग और अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षकों ने बांग्लादेश के 2018 और 2024 के आम चुनावों को पूरी तरह स्वतंत्र और निष्पक्ष नहीं माना था। उनका कहना है कि आने वाले चुनाव की विश्वसनीयता इस बात पर निर्भर करेगी कि अंतरिम सरकार पहले की उन नीतियों से कितना अलग रास्ता अपनाती है, जिनकी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आलोचना हुई थी।

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए सांसदों ने बताया कि 2024 में जुलाई और अगस्त के प्रदर्शनों के दौरान सुरक्षा बलों की कार्रवाई में लगभग 1,400 लोगों की मौत हुई थी। उन्होंने कहा कि इन घटनाओं के लिए जवाबदेही तय करना जरूरी है, ताकि बदले की राजनीति का सिलसिला खत्म हो सके। सांसदों की सबसे बड़ी चिंता किसी राजनीतिक दल की गतिविधियों को पूरी तरह निलंबित करने के फैसले को लेकर थी।

उन्होंने कहा कि संगठन बनाने की स्वतंत्रता और व्यक्तिगत जिम्मेदारी का सिद्धांत बुनियादी मानवाधिकार हैं। किसी पूरे दल पर रोक उन सिद्धांतों के खिलाफ है। उन्होंने अंतरिम सरकार से इस फैसले पर दोबारा विचार करने को कहा और बताया कि सभी दलों की भागीदारी से ही जनता का भरोसा लौटाया जा सकता है। सांसदों ने कहा, 'आखिरकार, बांग्लादेश के लोगों को एक स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव में चुनी हुई सरकार चुनने का अधिकार है, जिसमें सभी राजनीतिक दल हिस्सा ले सकें ताकि उनकी आवाज सुनी जा सके।

पत्र में यह भी कहा गया कि बांग्लादेश अमेरिका का एक महत्वपूर्ण साझेदार है और अमेरिकी सांसद अंतरिम सरकार के साथ मिलकर दोनों देशों के रिश्तों और बांग्लादेश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं। इसी से जुड़े एक अन्य मामले में सांसद थॉमस आर. सुओजी ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो को पत्र लिखकर बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर जानकारी मांगी। उन्होंने हाल की हिंसक घटनाओं और ईशनिंदा कानूनों के दुरुपयोग पर चिंता जताई और कहा कि इन मुद्दों पर उन्हें विस्तार से जानकारी दी जाए, ताकि वह बांग्लादेशी-अमेरिकी समुदाय की चिंताओं को उठा सकें।

## यूक्रेन पर रूस के भीषण हमले, 650 से ज्यादा ड्रोन-36 मिसाइलों से 13 इलाकों को बनाया निशाना

**कीव, एजेंसी।** रूस ने मंगलवार को यूक्रेन पर एक बड़े हमले में 650 से अधिक ड्रोन और करीब 36 मिसाइलें दागीं। 13 यूक्रेनी इलाकों में किए गए इस हमले में तीन लोग मारे गए। मृतकों में एक चार वर्षीय बच्चा भी शामिल है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि हमले में यूक्रेन के 13 क्षेत्रों में घरों और बिजली ग्रिड को निशाना बनाया गया, जिससे बिजली की व्यापक कटौती हुई। इससे पहले उन्होंने शांति समझौते की दिशा में हुई हालिया प्रगति को ठोस बताया था। जेलेंस्की ने एक पोस्ट में कहा, इस बमबारी से रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का यूक्रेन पर हमला जारी रखने का इरादा स्पष्ट होता है। यूक्रेनी और यूरोपीय अधिकारियों ने शिकायत की है कि पुतिन अमेरिका के नेतृत्व वाले शांति प्रयासों में गंभीरता से सहयोग नहीं कर रहे हैं। जेलेंस्की ने कहा, यह हमला रूसी प्राथमिकताओं का बेहद स्पष्ट संकेत है। क्रिसमस से ठीक पहले ऐसा हमला किया गया, जब लोग परिजनों के साथ घर में रहना चाहते हैं। वह बोले, यह हमला इस युद्ध को खत्म करने के लिए जारी वार्ता के बीच में हुआ है। इससे पता चलता है कि पुतिन यह स्वीकार नहीं कर सकते कि हमें हत्याएं बंद करनी होंगी।

**शांति वार्ता में ठोस प्रगतिः जेलेंस्की :** यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा, रूस-यूक्रेन शांति समझौते के लिए अमेरिका द्वारा पेश किए गए



शुरुआती मसौदे कीव की कई मांगों को पूरा करते हैं। जेलेंस्की ने हालांकि संकेत दिया कि युद्ध को समाप्त करने के लिए होने वाली वार्ताओं में दोनों पक्षों की सभी इच्छाएं पूरी होने की संभावना कम ही है। उन्होंने समझौते की कोशिश कर रहे अमेरिकी अधिकारियों के साथ हुई हालिया बातचीत पर कहा, इस चरण में काफी ठोस प्रगति नजर आ रही है।

**यूक्रेन ने तेल टर्मिनल व जेट पर साधा निशाना :** रूसी हमलों से पहले यूक्रेनी सेना ने रूस में सिलसिलेवार हमलों में एक तेल टर्मिनल, पाइपलाइन, दो खड़े जेट लड़ाकू विमानों और दो जहाजों को निशाना बनाया है। ये हमले रूस की युद्ध क्षमता को कमजोर करने और अग्रिम मोर्चे से दूर के इलाकों में असुरक्षा का माहौल पैदा करने के अभियान का हिस्सा हैं। हमलों का एक उद्देश्य व्लादिमीर पुतिन की उस रणनीति को भी झटका देना था, जिसके तहत वह रूस को अमेरिकी नेतृत्व वाले शांति प्रयासों में सैन्य रूप से मजबूत स्थिति से बातचीत करने वाले देश के रूप में पेश करना चाहते हैं।

## ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा अगले महीने कर सकते हैं भारत का दौराः सूत्र

**ब्रासीलिया, एजेंसी।** शीर्ष सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा अगले साल की शुरुआत में भारत का दौरा कर सकते हैं। यह दौरा जनवरी के अंत या फरवरी 2026 की शुरुआत में संभव हो सकता है। लूला का यह दौरा भारत और ब्राजील के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। उम्मीद है कि प्रस्तावित दौरे के दौरान भारत और ब्राजील व्यापार, निवेश, रक्षा सहयोग, ऊर्जा, कृषि और प्रौद्योगिकी जैसे प्रमुख क्षेत्रों में संबंधों को और मजबूत करेंगे। एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि दोनों पक्ष अपनी रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने के तरीकों पर भी विचार कर सकते हैं। भारत और ब्राजील ब्रिक्स और जी20 जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर करीबी साझेदार हैं। इस दौरान वैश्विक आर्थिक मुद्दे, विकास संबंधी चिंताएं, और विकासशील देशों के बीच सहयोग भी चर्चा का विषय रहने की उम्मीद है। हालांकि, दौरे की आधिकारिक पुष्टि अभी बाकी है। पिछले महीने दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्राजील के राष्ट्रपति से मुलाकात की, जिससे भारत-ब्राजील संबंधों में निरंतर आ रही प्रगति पर प्रकाश डाला गया।

प्रधानमंत्री मोदी ने लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा के साथ अपनी तस्वीर साझा करते हुए फेसबुक पर लिखा कि राष्ट्रपति लूला से मिलना हमेशा ही सुखद होता है। भारत और ब्राजील अपने लोगों के लाभ के लिए व्यापार और सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करना जारी रखेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति लूला ने इस वर्ष की शुरुआत में प्रधानमंत्री मोदी की ब्राजील यात्रा के दौरान प्राप्त हुई प्रगति की बार-बार पुष्टि की और भारत-ब्राजील रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने की साझा प्रतिबद्धता पर जोर दिया। रियो डी जनेरियो में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के बाद जुलाई में प्रधानमंत्री मोदी की ब्राजील यात्रा के दौरान दोनों नेताओं की मुलाकात ब्रासीलिया में हुई थी।

## उस्मान हादी के भाई का मोहम्मद यूनुस पर गंभीर आरोप, कहा- 'चुनाव रद्द कराने के लिए तुमने उसे मारा'

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश के चर्चित छात्र नेता और इंकिलाब मंचो के संयोजक शरीफ उस्मान हादी की हत्या के बाद देश की राजनीति में भूचाल आ गया है। मृतक के भाई ओमर हादी ने मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार पर बेहद गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि उनके भाई की हत्या आगामी राष्ट्रीय चुनावों को पटरी से उतारने के लिए कराई गई। ओमर हादी का दावा है कि सत्ता में बैठे लोगों के एक गुट ने जानबूझकर इस हत्या को अंजाम दिया, ताकि चुनावी माहौल को अस्थिर किया जा सके और राजनीतिक फायदा उठाया जा सके।

**'आपने उसे मरवाया', सरकार पर सीधा हमला :** ढाका के शाहबाग इलाके में राष्ट्रीय संग्रहालय के सामने आयोजित शहीदी शपथ कार्यक्रम में बोलते हुए ओमर हादी ने सरकार पर तीखा हमला बोला।



बांग्लादेशी अखबार द डेली स्टार के अनुसार, उन्होंने कहा यह आप ही हैं जिन्होंने उस्मान हादी को मरवाया और अब उसी मुद्दे को लेकर चुनाव बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के भीतर मौजूद एक खास गुट ने साजिश रचकर इस हत्या को अंजाम दिया। बता दें कि उस्मान हादी आगामी 12 फरवरी को होने वाले आम चुनाव में उम्मीदवार थे। ओमर हादी का यह भी आरोप है कि उनके भाई की हत्या इसलिए की गई, क्योंकि उन्होंने किसी भी एजेंसी या विदेशी आकाओं के आगे झुकने से इनकार कर दिया था।

**यूनुस सरकार को चेतावनी :** ओमर हादी ने अंतरिम सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उनके भाई के हत्यारों को जल्द सजा नहीं दी गई, तो यूनुस सरकार का अंजाम भी पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना जैसा हो सकता है। उन्होंने कहा हत्यारों पर जल्द मुकदमा चलाएं, ताकि चुनावी माहौल खराब न हो। सरकार अब तक कोई ठोस प्रगति नहीं दिखा पाई है। अगर उस्मान हादी को न्याय नहीं मिला, तो आपको भी एक दिन बांग्लादेश छोड़ने पर मजबूर होना पड़ेगा।

**मस्जिद से निकलते समय मारी गई गोली :** गौरतलब है कि 32 वर्षीय शरीफ उस्मान हादी पर ढाका में एक मस्जिद से बाहर निकलते समय गोली चलाई गई थी। गंभीर रूप से घायल हादी को इलाज के लिए सिंगापुर ले जाया गया, जहां 19 दिसंबर को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। उनकी हत्या ने पूरे देश को झकझोर दिया और राजधानी ढाका समेत कई इलाकों में तनाव की स्थिति बन गई। उस्मान हादी उन प्रमुख छात्र नेताओं में शामिल थे, जिन्होंने 2024 में हुए जन आंदोलन का नेतृत्व किया था। इसी आंदोलन के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना को अगस्त 2024 में पद छोड़कर भारत भागना पड़ा था।

## अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे 30 भारतीय गिरफ्तार, बॉर्डर पेट्रोल एजेंट्स ने हाईवे से पकड़ा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की बॉर्डर पेट्रोल पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे 30 भारतीयों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए लोग अमेरिका में कमर्शियल ड्राइवर लाइसेंस लेकर ट्रक चला रहे थे। बॉर्डर पुलिस ने एक विशेष अभियान के तहत इन लोगों को पकड़ा। यूएस कस्टम और बॉर्डर प्रोटेक्शन विभाग ने एक बयान जारी कर बताया कि बॉर्डर पेट्रोल एजेंट्स ने कैलिफोर्निया के अल सेंट्रो सेक्टर में 49 अवैध अप्रवासियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोगों के पास से कमर्शियल ड्राइविंग लाइसेंस मिले हैं।

**पकड़े गए लोगों में से अधिकतर भारतीय :** कस्टम एजेंसी ने बताया कि अप्रवासन चेक पॉइंट पर जांच के दौरान ये लोग पकड़े गए। कस्टम विभाग ने बताया कि 23 नवंबर से 12 दिसंबर तक चले अभियान में कुल 42 अवैध अप्रवासी पकड़े गए हैं, जो कमर्शियल ड्राइविंग लाइसेंस पर ट्रक चला रहे थे। पकड़े गए लोगों में से 30 भारतीय नागरिक हैं। वहीं दो लोग अल सल्वाडोर के और बाकी चीन, एरीट्रिया, हैती, होंडुरास, मैक्सिको, रूस, सोमालिया, तुर्किये और यूक्रेन के निवासी हैं। एजेंसी ने बताया कि पकड़े गए लोगों में से 31 को कमर्शियल ड्राइविंग लाइसेंस कैलिफोर्निया राज्य की सरकार ने जारी किए थे। आठ लाइसेंस फ्लोरिडा, इलिनोइस, इंडियाना, ओहायो, मैरीलैंड, मिनेसोटा, न्यू जर्सी, न्यूयॉर्क, पेंसिल्वेनिया और वाशिंगटन ने जारी किए थे। अप्रवासन एजेंसी का ट्रक चालकों के खिलाफ ये अभियान कई घातक दुर्घटनाओं के बाद सामने आया है, जिसमें अवैध रूप से रह रहे लोगों ने सड़क दुर्घटनाएं कीं, जिनमें कई लोगों की मौत हुई।

**राजमार्गों को सुरक्षित करना उद्देश्य :** कस्टम एजेंसी ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य अप्रवासन कानून को लागू करना, अमेरिकी राजमार्गों को सुरक्षित करना और कमर्शियल परिवहन क्षेत्र में नियामक मानकों को बनाए रखना था। अधिकारियों ने कहा, 'गिरफ्तार किए गए लोगों को कभी भी ये ट्रक नहीं चलाने चाहिए थे, और जिन राज्यों ने उन्हें कमर्शियल ड्राइवर लाइसेंस जारी किए हैं, वे हाल ही में हमने दुखद रूप से देखी गई घातक दुर्घटनाओं के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं। होमलैंड सिक्योरिटी इन्वेस्टिगेशन और अन्य एजेंसियों में हमारे सहयोगी भागीदारों के साथ मिलकर, एल सेंट्रो सेक्टर यह सुनिश्चित करना जारी रखेगा कि अमेरिकी जनता की सुरक्षा हमारे प्रयासों में सबसे आगे रहे।' हाल के महीनों में ऐसे कई मामले सामने आए हैं जहां अवैध रूप से अमेरिका में रह रहे भारतीय ट्रक चलाते समय खतरनाक और घातक दुर्घटनाओं में शामिल रहे हैं।

## लीबिया के आर्मी चीफ की प्लेन क्रैश में मौत:7 और लोग भी मारे गए, तुर्किए में उड़ान भरने के 30 मिनट बाद हादसा



**अंकारा, एजेंसी।** लीबियाई की सेना के चीफ ऑफ जनरल स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल मोहम्मद अल-हद्दाद की मंगलवार रात तुर्किये में प्लेन क्रैश में मौत हो गई। प्लेन में 8 लोग सवार थे, सभी की मौके पर ही मौत हो गई। तुर्किये के गृह मंत्री अली येरलिकाया ने बताया कि फाल्कन-50 विमान का मलबा अंकारा के पास हायमाना इलाके में मिला है। विमान में टेकऑफ के 30 मिनट बाद ही तकनीकी खराबी आ गई थी, जिसके चलते यह हादसा हुआ। यह लीबियाई मिलिट्री डेलिगेशन अंकारा में तुर्किये के साथ रक्षा सहयोग बढ़ाने को लेकर हाई लेवल बातचीत के लिए आया था और वापस लीबिया लौट रहा था। हादसे में मरने वालों में लीबिया के थल सेना प्रमुख जनरल अल-फितूरी ग्रैबिल, ब्रिगेडियर जनरल महमूद अल-कतावी, चीफ ऑफ स्टाफ के सलाहकार मोहम्मद अल-असावी दियाब, सैन्य फोटोग्राफर मोहम्मद ओमर अहमद महजूब और 3 क्रू मेंबर शामिल हैं।

**प्लेन ने इमरजेंसी लैंडिंग का मैसेज भेजा था :** लीबिया के प्रधानमंत्री अब्दुल-हामिद दबैबा ने फेसबुक पर बयान जारी कर जनरल अल-हद्दाद और अन्य अधिकारियों की मौत की पुष्टि की और इसे देश के लिए बहुत बड़ा नुकसान बताया। तुर्किये के गृह मंत्री अली यरलीकाया के मुताबिक, विमान लोकल समय के मुताबिक रात करीब 8 बजे अंकारा के एसनबोगा एयरपोर्ट से उड़ा था और कुछ देर बाद संपर्क टूट गया। प्लेन ने हायमाना इलाके के पास आपात लैंडिंग का संकेत भेजा था, लेकिन इसके बाद कोई संपर्क नहीं हो सका। स्थानीय टीवी चैनलों पर जारी सीसीटीवी फुटेज में रात के आसमान में तेज रोशनी और विस्फोट जैसा दृश्य दिखा। विमान का मलबा अंकारा से करीब 70 किलोमीटर दक्षिण हायमाना जिले के एक गांव के पास मिला। हादसे के बाद अंकारा एयरपोर्ट को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया और कई उड़ानों को दूसरे एयरपोर्ट पर भेजा गया। तुर्किये के न्याय मंत्रालय ने हादसे की जांच के लिए चार अधिकारियों की नियुक्ति की है। वहीं, लीबिया सरकार ने भी जांच में सहयोग के लिए अपनी टीम अंकारा भेजने का फैसला किया है। हायमाना के एक स्थानीय निवासी बुरहान चिचेक ने बताया कि उन्होंने जोरदार धमाके की आवाज सुनी। उन्होंने कहा- ऐसा लगा जैसे कोई बम फटा हो। तुर्किये की मीडिया में भी ऐसी तस्वीरें दिखाई गईं, जिनमें हादसे के समय आसमान में तेज रोशनी नजर आई।

## पाकिस्तानी सांसद का मुनीर पर हमला, कहा- भारत के ऑपरेशन सिंदूर पर कैसे कर सकते हैं आपत्ति?

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान की सियासत में एक अहम बयान सामने आया है। जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम (फजल) के प्रमुख और वरिष्ठ पाकिस्तानी सांसद मौलाना फजलुर रहमान ने पाकिस्तान की सैन्य नीति को कठघरे में खड़ा करते हुए भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' का हवाला दिया है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब पाकिस्तान अफगानिस्तान के भीतर सैन्य कार्रवाई को जायज ठहराता है, तो फिर भारत द्वारा पाकिस्तान की जमीन पर आतंकियों के ठिकानों पर किए गए हमलों पर आपत्ति किस आधार पर की जा सकती है।

कराची के लियारी इलाके में आयोजित 'मजलिस-ए-इत्तेहाद-ए-उम्मत' सम्मेलन को संबोधित करते हुए मौलाना फजलुर रहमान ने पाकिस्तान सेना प्रमुख आसिम मुनीर के नेतृत्व वाली सैन्य कार्रवाइयों की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान में पाकिस्तानी हमलों में आम नागरिकों की मौत हुई है और इस पर इस्लामाबाद की दलीलें खोखली हैं।

**तर्क एक जैसा नहीं हो सकता :** फजलुर रहमान ने कहा, 'अगर आप कहते हैं कि हमने अफगानिस्तान में अपने दुश्मन पर हमला किया और उसे जायज ठहराते हैं, तो भारत भी यह कह सकता है कि उसने बहावलपुर, मुरीदके और कश्मीर हमलों के जिम्मेदार संगठनों के मुख्यालयों पर कार्रवाई की।' उन्होंने आगे सवाल किया, 'फिर आप आपत्ति कैसे कर सकते हैं? आज वही आरोप अफगानिस्तान पाकिस्तान पर लगा रहा है। दोनों स्थितियों को आप कैसे सही ठहराएंगे?' मौलाना के इस बयान को सीधे तौर पर भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर'



से जोड़कर देखा जा रहा है।

आपको बता दें कि 7 मई को भारतीय सशस्त्र बलों ने तड़के पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (क्श्च) में स्थित नौ आतंकी ठिकानों पर सटीक मिसाइल हमले किए थे। इनमें जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ बहावलपुर और लश्कर-ए-तैयबा का मुख्य ठिकाना मुरीदके शामिल था। इस अभियान को 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम दिया गया, जो 22 अप्रैल को हुए उस आतंकी हमले का बदला था, जिसमें 26 निर्दोष नागरिकों की हत्या कर दी गई थी।

भारतीय कार्रवाई के बाद पाकिस्तान ने ड्रोन और अन्य हथियारों से भारत के कई शहरों को निशाना बनाने की कोशिश की, लेकिन भारतीय सेना ने इन प्रयासों को नाकाम कर दिया था।

**पाकिस्तान-अफगानिस्तान तनाव :** मौलाना फजलुर रहमान लंबे समय से पाकिस्तान की अफगान नीति के आलोचक रहे हैं। अक्टूबर में दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ने पर उन्होंने मध्यस्थता की पेशकश भी की थी। वह तालिबान के सर्वोच्च नेता हैबतुल्लाह अखुंदजादा से मुलाकात करने वाले इकलौते पाकिस्तानी सांसद माने जाते हैं। हाल ही में भारत ने भी अफगानिस्तान पर पाकिस्तान के ताजा हमलों की निंदा की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने कहा, 'हम उन रिपोर्टों से अवगत हैं जिनमें अफ़ग़ान नागरिकों के मारे जाने की बात कही गई है। हम निर्दोष अफगान लोगों पर हमलों की कड़ी निंदा करते हैं।' उन्होंने दोहराया कि भारत अफगानिस्तान की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और स्वतंत्रता का समर्थन करता है। वहीं तालिबान सरकार के प्रवक्ता ने दावा किया कि हमले पाकिस्तान ने शुरू किए, जिसके जवाब में काबुल को कार्रवाई करनी पड़ी। 2021 में तालिबान की काबुल वापसी के बाद से पाकिस्तान और अफगानिस्तान के रिश्ते लगातार बिगड़ते गए हैं। पाकिस्तान अफगानिस्तान पर आतंकियों को पनाह देने का आरोप लगाता है, जबकि तालिबान सरकार इन आरोपों को खारिज करती रही है।

# बॉक्सिंग डे टेस्ट में जीत का सिलसिला बनाये रखने उतरेगी ऑस्ट्रेलियाई टीम

**मेलबर्न (एजेंसी)।** स्टीव स्मिथ की कप्तानी में ऑस्ट्रेलियाई टीम गुरुवार से यहां इंग्लैंड के खिलाफ एशेज सीरीज के बॉक्सिंग डे टेस्ट में उतरेगी। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहले ही पांच मैचों की सीरीज 3-0 से जीत ली है। ऐसे में उसको मनोबल बढ़ा हुआ है जिससे वह इस चौथे टेस्ट मैच में भी जीत की प्रबल दावेदार है। इस मैच में नियमित कप्तान पैट कमिंस और स्पिनर नाथन लियोन नहीं खेल रहे। कमिंस को कार्यभार प्रबंधन के तहत आराम दिया गया है। वहीं लियोन चोटिल होने के कारण बाहर है। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया बिना किसी मुख्य स्पिनर के पूरी तरह तेज गेंदबाजों के भरोसे उतरेगी। बॉक्सिंग डे टेस्ट में नाथन लियोन की जगह टॉड मर्फी को अवसर मिलता है या नहीं ये देखना होगा। माइकल नीसर, ब्रेंडन डॉजेट और जे रिचडर्सन में से किसी दो अंतिम एकादश में जगह मिलना तय है। अगर रिचडर्सन को मौका मिलता है, तो यह एशेज 2021-22 के बाद उनका पहला टेस्ट होगा। वहीं नीसर के लिए यह उनका पहला रेड-बॉल टेस्ट होगा। अब तक उन्होंने जो तीन टेस्ट मैच खेले हैं, सभी पिंक-बॉल टेस्ट रहे हैं। इस बीच कैमरन ग्रीन को बल्ले से खराब दौर के बीच बल्लेबाजी क्रम में नीचे 7 पर उतारा जाएगा। उस्मान ख्वाजा नंबर 5 पर बल्लेबाजी करेंगे और फॉर्म में चल रहे ऐलेक्स कैरी नंबर 6 पर बने रहेंगे। वहीं दूसरी ओर मेहमान टीम इंग्लैंड तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर के बिना उतरेगी। आर्चर चोटिल होने के कारण बाहर हो गये हैं। के लिए अब भी कोई जगह नहीं है। उनकी जगह पर गस एटकिंसन को शामिल किया गया है। विशेषज्ञ स्पिनर शोएब बशीर को इस बार भी टीम में जगह नहीं मिली है। इंग्लैंड को इस मैच में जीत दर्ज करनी है तो बेहतर बल्लेबाजी और गेंदबाजी करनी होगी। अनुभवी बल्लेबाज जो रुट को बड़ी पारी खेलनी होगी।




बेन डकेट से भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। इस मैच में ऑली पोप की जगह पर जैकब बेथेल को नंबर 3 पर बल्लेबाजी के लिए शामिल किया गया है। टीम की बल्लेबाजी रुट के अलावा जैक क्रॉली व हैरी ब्रुक पर भी आधारित रहेगी। जहां तक पिच की बात है मेलर्बन की इस पिच से तेज गेंदबाजों को अच्छी सहायता मिलने की संभवना है।

### टीम इस प्रकार है

**ऑस्ट्रेलिया :** स्टीव स्मिथ (कप्तान),जेक वेदराल्ड, ट्रैविस हेड, मार्नस लाबुशेन, उस्मान ख्वाजा, ऐलेक्स कैरी (विकेटकीपर), कैमरन ग्रीन, माइकल नीसर,मिचेल स्टार्क, ब्रेंडन डॉजेट/जे रिचडर्सन, स्कॉट बोलैंड

**इंग्लैंड:** बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉली, बेन डकेट, जेकब बेथेल, जो रूट, हैरी ब्रूक, जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), विल जैक्स, गस एटकिंसन, ब्राइडन कार्स, जॉश टंग

# सिंधु बनी बीडब्ल्यूएफ एथलीट्स कमीशन की चेयरपर्सन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु को 2026-2029 तक के लिए विश्व बैडमिंटन संघ (बीडब्ल्यूएफ) के एथलीट्स कमीशन की चेयरपर्सन बनाया गया है। ऐसे में पूर्व ओलंपिक पदक विजेता सिंधु अब बीडब्ल्यूएफ काउंसिल में सदस्य के तौर पर काम करेंगी जिससे खिलाड़ियों के हित की बातें इस संस्था के जरिये वह उठा सकेंगी। इस दौरान उन्हें विश्वस्तर पर भागीदारी में भी सहायता मिलेगी। वहीं नीदरलैंड की डेबोरा जिल को सिंधु की सहायक बनाया गया है। सिंधु ने कहा, साथी एथलीटों द्वारा यह महत्वूर्ण जिम्मेदारी सौंपना मेरे लिए सम्मान की बात है, जिसे मैं विनम्रता और के साथ स्वीकार करती हूं। मैं पिछले कार्यकाल में किए गए असाधारण काम के लिए चेयरपर्सन रही ग्रेसिया पोली को भी दिल से धन्यवाद देना चाहती हूं।

उन्होंने कहा, 'हमारे पास अब हर खिलाड़ी की आवाज उठाने का एक मध्यम आ गया हे। यह एक शानदार अवसर है। मैं इसमें हर खिलाड़ी का प्रतिनिधित्व करने और सार्थक, स्थायी बदलाव के लिए लड़ने के लिए बीडब्ल्यूएफ मीडिया के साथ मिलकर काम करने को लेकर पूरी तरह गंभीर हूं।

# बुमराह और ऋषभ ने अपने कमेंट पर मुझसे माफी मांगी थी : बावुमा

**जोहांसबर्ग (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट टीम के कप्तान टेम्बा बावुमा ने कहा है कि भारत दौरे में कुछ बातों को लेकर उनका तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत से विवाद हुआ था हालांकि दोनो ने ही बाद में उनसे मुलाकत कर खेद जताया था। बावुमा की कप्तानी में दक्षिण अफ्रीकी टीम ने इस दौरे में भारतीय टीम को 2-0 से हरा दिया था। सीरीज का पहला टेस्ट कोलकाता में खेला गया था। इसी टेस्ट में बुमराह और ऋषभ ने बावुमा की कम लंबाई पर टिप्पणी करते हुए उन्हें बौना कहा था। जिसकी मीडिया में काफी आलोचना भी हुई थी। बावुमा ने कहा है कि इसके बाद ऋषभ और बुमराह ने उनसे इस मामले में माफी मांग ली थी।

वहीं बावुमा ने मान कि कोच शुकरी कॉनराड ने भारतीय टीम को घुटने पर लाने जैसे जो टिप्पणी की थी वह गलत थी। उन्हें इस प्रकार की बात नहीं कहनी चाहिये थी।



बावुमा ने कहा, 'मुझे पता है कि मेरे साथ एक घटना हुई थी जहां भारतीय खिलाड़ियों ने मुझे कुछ कहा था पर मैच समाप्त होने के बाद ऋषभ और बुमराह आए और उन्होंने माफी मांगी।' उन्होंने कहा, 'तब मुझे नहीं पता था कि यह किस बारे में थी। मैंने उस समय इसके बारे में सुना नहीं था और मुझे फिर इस बारे में अपने मीडिया मैनेजर से बात करनी पड़ी थी।'

बावुमा ने आगे कहा, मैदान पर जो होता है उसे हम मन में नहीं रखते हुए बेहतर प्रदर्शन करने पर ध्यान देते हैं।

# श्रीलंका के खिलाफ तीसरे टी20 मैच को जीतकर सीरीज पर कब्जा करने उतरेगी भारतीय टीम

**तिरूवनंतपुरम (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम शुक्रवार को यहां श्रीलंकाई टीम के खिलाफ होने वाले तीसरे टी20 मैच में जीत के साथ ही पांच मैचों की सीरीज अपने नाम करने उतरेगी। भारतीय टीम पहले दोनो ही मैचों में जीत के साथ ही अभी सीरीज में 2-0 से आगे है। भारतीय टीम ने विशाखापत्तनम में पहले दो टी20 मैचों में आठ और सात विकेट से जीत दर्ज की है। भारतीय टीम अभी तक बल्लेबाजी और गेंदबाजी में मेजबान टीम पर भारी पड़ी है। भारतीय टीम की ओर पहले मैच में जेमिमा रौड्रिग्स जबकि दूसरे में शेफाली वर्मा ने अच्छा प्रदर्शन किया था। वहीं गेंदबाजी भी अबतक अच्छी रही है। स्पिनरों ने पहले मैच में श्रीलंका को छह विकेट पर 121 और दूसरे में नौ विकेट पर 128 रनों पर ही समेट दिया था। एन श्रीचरणी, वैष्णवी शर्मा और क्रांति गौड़ ने अब तक दोनो ही मैचों में अच्छी गेंदबाजी की है।




भारतीय टीम को हालांकि फिल्डिंग पर ध्यान देना होगा। अब तक के दोनो ही मैचों में उसने काफी अवसर खोये। पहले मैच में पांच कैच गिरे जबकि दूसरे मैच में तीन रन आउट के अवसर उसने गंवाए।

वहीं श्रीलंका को उम्मीद इस मैच में जीतकर सीरीज में हार टालना चाहेगी। पहले दोनो ही मैचों में उसके बल्लेबाज और गेंदबाज असफल रहे थे। अब उसे अपने बल्लेबाजों और गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। उसकी बल्लेबाजी में भी निरंतरता की कमी रही है। दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं।

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, हरलीन देयोल, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, रेणुका सिंह ठाकुर, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी कमलिनी (विकेटकीपर), श्री चरणी, वैष्णवी शर्मा।

**श्रीलंका :** चामरी अटापट्टू (कप्तान), हसिनी परेरा, विष्मी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, नीलाक्षिका डी सिल्वा, कविशा दिलहारी, इमेशा दुलानी, कौशिनी नुथ्यांगना, मालशा शेहानी, इनोका राणावीरा, शशिनी गिम्हानी, निमेश मदुशानी, काव्या कविंदी, रश्मिका सेववंडी, मल्की मदारा।

# ब्राजील के फोन्सेका ने टॉप 15 टेनिस खिलाड़ियों में जगह बनाने का रखा लक्ष्य

रियो डी जेनेरो । ब्राजील के टीनएजर जोआओ फोन्सेका ने अगले साल दुनिया के टॉप 15 पुरुष टेनिस खिलाड़ियों में शामिल होने का लक्ष्य रखा है, क्योंकि वह अपनी हालिया प्रगति को आगे बढ़ाना चाहते हैं। 19 साल के इस खिलाड़ी ने 2025 में दो खिताब जीते, जो एटीपी टूर पर उनका पहला पूरा सीजन था, लेकिन उन्होंने कहा कि वह इसे सिर्फ़ एक शुरुआत मानते हैं। रियो डी जेनेरो में जन्मे फोन्सेका ने मैगज़ीन वेजा को बताया, 'मेरा इरादा दुनिया के टॉप 15 में जगह बनाने का है। यह थोड़ा मुश्किल है, लेकिन मैं बड़ा सोच रहा हूं। मैं बिना उतार-चढ़ाव के लगातार अच्छे नतीजों पर भी ध्यान दूँगा।' फोन्सेका ने इस साल 113वीं रैंक से शुरुआत की थी, लेकिन ब्यूनस आयर्स (एटीपी 250) और बेसल (एटीपी 500) में जीत के बाद वह 24वें नंबर पर पहुंच गए हैं। 2025 में उनकी अन्य उपलब्धियों में फ्रेंच ओपन और विंबलडन में तीसरे राउंड तक पहुंचना शामिल है। उन्होंने टेनिस के अलावा नए साल के कुछ और संकल्पों के बारे में भी बात की। फोन्सेका ने कहा, 'अपने खाली समय में, मैं इटैलियन सीखना चाहता हूं, पोकर कोर्स करना चाहता हूं और अपने पैसे मैनेज करना चाहता हूं।' ब्राजील के एकमात्र पुरुष ग्रैंड स्लैम सिंगल्स चैंपियन गुस्तावो कुएटर्न हैं, जिन्होंने 1997, 2000 और 2001 में फ्रेंच ओपन जीता था।



# टी20 विश्वकप से पहले लय में आये रिंकू, विजय हजारे ट्रॉफी में खेली आक्रामक पारी

नई दिल्ली । विजय हजारे ट्रॉफी में फिनिशर रिंकू सिंह ने अच्छा प्रदर्शन किया है। नये साल में होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप के पहले रिंकू के लय में आने से भारतीय टीम प्रबंधन को भी राहत मिलेगी। पिछले कुछ समय से रिंकू का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा था इससे बाद भी प्रबंधन ने उन्हें फिनिशर के तौर पर भारतीय टीम में शामिल था। वहीं अब रिंकू ने विजय हजारे ट्रॉफी में उत्तर प्रदेश की कप्तानी करते हुए हैदराबाद के खिलाफ आक्रामक पारी खेलकर एक बार फिर अपनी क्षमताओं को साबित किया है। रिंकू ने 48 गेंद में 139.58 के स्ट्राइक रेट से 67 रन बनाए। ऐसे में प्रशंसकों को उसने इसी प्रकार के प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। रिंकू भारतीय टी20 टीम के लिए फिनिशर की भूमिका निभाते हैं। रिंकू ने अंतिम बार एशिया कप 2025 के फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ खेला था। तब उन्हें केवल एक गेंद खेलने का अवसर मिला था। रिंकू ने उसपर चौक लगाकर भारतीय टीम को खिताबी जीत दिलायी थी। उनको सिर्फ एक बॉल खेलने का मौका मिला था और उन्होंने उसी पर चौका लगाकर भारत को फाइनल जिताया था। वहीं रिंकू के अलावा आईपीएल में मुम्बई इंडियंस की ओर से खेलने वाले पंजाब के बल्लेबाज नमन धीर ने भी विजय हजारे ट्रॉफी में अच्छी बल्लेबाजी की है। नमन ने महाराष्ट्र के खिलाफ 97 रन बनाये। उन्होंने अपनी पारी में 7 चौके और 4 छक्के लगाए। नमन को उनकी इस पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड भी दिया गया। नमन मुम्बई के भरोसेमंद खिलाड़ियों में है।



# डब्ल्यूपीएल में दिल्ली कैपिल्स की कप्तानी करेंगी जेमिमा रोड्रिग्स

**मुम्बई (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के 2026 सत्र के लिए मेग लैनिंग की जगह बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स को कप्तान बनाया है। लैनिंग की कप्तानी में दिल्ली की टीम तीन बार टूर्नामेंट के फाइनल तक पहुंची है पर एक बार भी खिताब नहीं जीत पायी है। दिल्ली कैपिटल्स के सह मालिक पार्थ जिंदल ने पहले ही कहा था कि इस बार टीम की कमान किसी भारतीय खिलाड़ी को ही दी जाएगी। दिल्ली की टीम में दक्षिण अफ्रीका की अनुभवी बल्लेबाज लाउरा वोलवार्ट भी शामिल हैं। वोलवार्ट की कप्तानी में दक्षिण अफ्रीका की टीम महिला विश्व कप के फाइनल में पहुंची थी पर इसके बाद भी दिल्ली ने जेमिमा पर भरोसा जताया है।

डब्ल्यूपीएल में जेमिमा का प्रदर्शन अच्छा रहा है। इस बल्लेबाज ने 27 मैचों में तीन अर्धशतक के साथ ही 28.16 के औसत से 507 रन बनाए हैं, और इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 139.66 का रहा है। उनका इस टूर्नामेंट में सबसे अधिक स्कोर नाबाद 69 रन रहा है। दिल्ली कैपिटल्स डब्ल्यूपीएल 2026 में अपने पहले मुकाबले में 10 जनवरी को मुंबई इंडियंस से खेलेगी।

जेमिमा ने कप्तान बनाये जाने पर खुशी जतायी है। साथ ही कहा, दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान बनना मेरे लिए बेहद सम्मान की बात है। मैं टीम के मालिकों और सहयोगी स्टाफ की आभारी हूं जिन्होंने मुझ पर भरोसा जताते हुए मुझे इस टीम का नेतृत्व करने का अवसर दिया। यह शानदार अवसर मिलना मेरे और मेरे परिवार के लिए किसी सपने के सच होने जैसा है। इस बल्लेबाज ने कहा, मैंने पिछले तीन वर्षों में बहुत कुछ सीखा है और दिल्ली कैपिटल्स के साथ अपने कुछ बेहतरीन पल साझा किए हैं। हमारे पास एक मजबूत टीम है और मैं मैदान में उतरने के लिए उत्सुक हूं क्योंकि हम एक बहुत ही अच्छे सत्र की उम्मीद कर रहे हैं।

### दिल्ली कैपिटल्स टीम

जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, मारिजाने कप्प, एनाबेल सदरलैंड, निकी प्रसाद, लाउरा वोलवार्ट, चिनेले हेनरी, श्री चरणी, स्नेह राणा, लिजेल ली, दीया यादव, तानिया भाटिया, ममता मादीवाला, नंदनी शर्मा, लुसी हैमिल्टन, मिन्नू मणि।



# जयपुर के सुभाष ने हांगकांग इंटरनेशनल जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप में जीता गोल्ड



जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर के सुभाष चौधरी ने हांगकांग इंटरनेशनल जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप में ब्वायज अंडर 17 वर्ग में स्वर्ण पदक जीत कर प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है। कोच खांगा राम चौधरी ने बुधवार को बताया कि यह प्रतियोगिता हांगकांग में 19 से 24 दिसम्बर तक आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि सुभाष चौधरी जयपुर की नीरजा मोदी स्कूल 10वीं कक्षा का विद्यार्थी है। इसके फिटनेस कोच अंकित मानावता है और सुभाष ने पहले राउंड में बाई मिली, दूसरे राउंड में हांगकांग के ली हो सोम को 11-6, 11-6, 11-8 से, प्री क्वार्टर में मकाऊ के तम हाऊ इन को 11-0, 11-4, 11-4 से हराया। इससे पहले उन्होंने क्वार्टर फाइनल में हांगकांग के हा चूं हीन को 11-5, 9-11, 11-6, 11-8, और सेमी फाइनल में हांगकांग के युएन तज लांग को 11-5, 11-5, 11-2 से तथा फाइनल मुकाबले में सिंगापुर के रेहान सिंह को 11-4, 11-4, 11-5 से हरा कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

# इस साल सबसे अधिक रनों का शुभमन का रिकार्ड तोड़ पायेंगे रुट !



मेलबर्न । इंग्लैंड के जो रुट के पास इस साल सबसे अधिक रनों का रिकार्ड अपने नाम करने का अच्छा अवसर है। अभी तक इस साल सबसे ज्यादा रन भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल के नाम हैं। भारत के टेस्ट व एकदिवसीय कप्तान बने शुभमन ने इस साल तीनों प्रारुपों को मिलाकर कुल 1764 रन के साथ नंबर-1 पोजीशन हासिल की हुई है। वहीं दूसरे नंबर पर वेस्टइंडीज के शाई होप हैं उनके नाम 1760 रन पर हैं। वहीं इंग्लैंड के दिग्गज बल्लेबाज रूट के नाम 1598 रन हैं और वह शुभमन से 167 रन पीछे हैं। वेस्टइंडीज और भारतीय टीम को अब इस साल कोई और मैच नहीं खेलना है। ऐसे में अब शुभमन और होप और ज्यादा रन नहीं बना सकते। वहीं रुट को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 26 दिसंबर से एक टेस्ट मैच खेलना है। ऐसे में रुट के पास दो पारियों मे शुभमन का रिकार्ड तोड़ने का अच्छा अवसर है। अब देखना है कि वह इसमें सफल रहते हैं या नहीं। रूट अगर चौथे एशेज टेस्ट में शतक लगाने में सफल हुए तो वह शुभमन को पीछे छोड़कर पहले नंबर पर पहुंच सकते हैं। वहीं इस साल सबसे अधिक रन बनाने वालों की सूची में ब्रायन बेनेट 1585 और आगा सलमान- 1569 रन हैं।

# जोकोविच की नजरें ऑस्ट्रेलियाई ओपन पर लगीं



माल्टा । सर्बिया के टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच की नजरें अब अगले साल होने वाले ऑस्ट्रेलियन ओपन पर लगी हैं। इसमें वह रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम जीतने उतरेंगे। इससे पहले वह एडिलेड इंटरनेशनल में उतरकर अपनी तैयारियों की समीक्षा करेंगे। हैं। इसी को देखते हुए जोकोविच ने नये ट्रेनिंग पार्टनर फ्रांस के आर्थर काजॉक्स के साथ अभ्यास शुरु कर दिया है। इससे काजॉक्स बेहद उत्साहित हैं। इस युवा खिलाड़ी ने लिखा, तीन शानदार दिन, ट्रेनिंग, सीखने और एक महान खिलाड़ी के साथ अनुभव साझा करने का अवसर मिला। बहुत आभारी हूं। काजॉक्स ने साल 2025 में अपनी करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 58 हासिल की। उन्होंने एटीपी फाइनल में खेलते हुए कई बड़े खिलाड़ियों को हराया और ग्रैंड स्लैम स्तर पर ऑस्ट्रेलियन ओपन और विंबलडन में दो जीत दर्ज की। इस प्रदर्शन से प्रभावित होकर ही जोकोविच ने उन्हें ट्रेनिंग पार्टनर बनाया है। इस साझेदारी से दोनों खिलाड़ियों को लाभ हो रहा है। जहां जोकोविच एक युवा से खेलकर इससे अपने खेल को और बेहतर बना रहे हैं। वहीं काजॉक्स को एक शीर्ष खिलाड़ी से खेलने के कारण सीखने का मिल रहा है। जोकोविच जैसे खिलाड़ी के साथ अभ्यास करने से काजॉक्स को तकनीक और रणनीति बनाने का भी अनुभव हो रहा है।

# मुश्किल हालात में कमान संभालने के लिए अनुभवी खिलाड़ियों की जरूरत है : पीआर श्रीजेश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एसजी पाइपर्स हॉकी के डायरेक्टर पीआर श्रीजेश ने कहा है कि अगर फ्रेंचाइजी को हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के आने वाले सीजन में अच्छा प्रदर्शन करना है, तो अनुभवी खिलाड़ियों को आगे बढ़कर नेतृत्व की भूमिका निभानी होगी, खासकर जब हालात ठीक न हों।


भारत के पूर्व महान खिलाड़ी ने कहा, 'पिछले सीजन में हमने जीत के साथ शुरुआत की थी, लेकिन उसके बाद टीम बिखर गई, टीम को संभालने वाला कोई लीडर नहीं था, अनुभवी खिलाड़ियों को आगे आकर कमान संभालनी चाहिए थी। इस बार ऐसा नहीं होना चाहिए।' एसजी पाइपर्स 2024-25 सीजन में पुरुष और महिला दोनों कैटेगरी में टेबल में सबसे नीचे रही थी। श्रीजेश, जो जूनियर इंडिया हॉकी टीम के हेड कोच भी हैं, ने बताया कि पूर्व भारतीय अंतरराष्ट्रीय अनुभवी खिलाड़ी रूपिंदर पाल सिंह को टीम में मेंटरशिप और बीच में नेतृत्व देने के लिए चुना गया है।

'रूपिंदर को चुनने के पीछे मेरा विचार यह था कि हमें एक मेंटर की जरूरत है, हमें ऐसे किसी व्यक्ति की जरूरत है जो मैदान पर टीम को कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करे। हम उनका समझदारी से इस्तेमाल करेंगे ताकि उनसे ज़्यादा से ज़्यादा फायदा मिल सके।' पद्म भूषण पुरस्कार विजेता, जिनके नेतृत्व में भारत की जूनियर हॉकी टीम ने 2025 के हॉकी जूनियर विश्व कप में कांस्य पदक जीता था, ने कहा कि वह परिणाम से खुश हैं, लेकिन इस बात पर ज़ोर दिया कि आने वाले दिनों में टीम के प्रदर्शन का बारीकी से विश्लेषण किया जाएगा।

'कांस्य पदक अच्छा है, इन युवा खिलाड़ियों के पास अपने सभी प्रयासों का नतीजा दिखाने के लिए कुछ है, हालांकि, महत्वपूर्ण यह है कि वे समझें कि वे सेमीफाइनल में या पूरे टूर्नामेंट में और क्या कर सकते थे। इसलिए एचआईएल के बाद हम सबसे पहले उन्हें उनके सभी मैच दिखाएंगे। मैं चाहता हूं कि वे जानें कि 2027 में उन्हें उन्हीं चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा, शायद किसी दूसरे शहर में, और उन्हें उनसे निपटने के लिए बेहतर तरीके से तैयार रहना होगा।'

उन्हें लगा कि जर्मनी के खिलाफ सेमीफाइनल में, जिसमें भारत हार गया था, वह बेहतर फैसले ले सकते थे। 'मुझे लगा कि जर्मनी के खिलाफ मैच के दौरान मैं कुछ चीजें बेहतर कर सकता था, टैक्टिकली और फैसले लेने के मामले में भी। हालांकि मेरे ज़्यादातर फैसले सही थे, यहां तक कि अर्जेंटीना के खिलाफ हमने जो इनडायरेक्ट वेरिएशन किए थे, हमने वही वेरिएशन उनके खिलाफ लगातार आजमाए और वे काम आए, साथ ही, मेरा एक और शानदार फैसला यह था कि आखिरी फ्लिक के लिए रोहित की जगह मैंने अनमोल को लेने के लिए कहा, जो सही साबित हुआ।'

श्रीजेश, जिन्होंने तीन बार FIH गोलकीपर ऑफ द ईयर का अवॉर्ड जीता है, ने एक खिलाड़ी और एक कोच होने के बीच कुछ बड़े अंतर बताए। उन्होंने कहा, 'मैं अपने कोचिंग रोल का आनंद ले रहा हूं, जूनियर टीम के साथ लगभग एक साल हो गया है, और मैं नए खिलाड़ियों के एक नए ग्रुप का इंतजार कर रहा हूं, और मुझे नए ग्रुप के साथ शुरू से शुरुआत करनी होगी, इसलिए यह एक बड़ी चुनौती होने वाली है। एक खिलाड़ी के तौर पर, प्रोग्रेस लीनियर होती है 1 से 10, फिर 10 से 15, 15 से 20 और इसी तरह, लेकिन एक कोच के तौर पर आप 20 तक पहुंचते हैं, फिर जब नया बैच आता है तो आप फिर से एक से शुरू करते हैं।'




# सोने की कीमतों में 2025 में रिकॉर्ड तेजी, 2026 में बढ़ने की संभावना

**- 1979 के बाद सोने की कीमतों में सबसे बड़ी सालाना बढ़ोतरी**

**नई दिल्ली ।**

साल 2025 में सोने की कीमतों में 70 फीसदी से अधिक की वृद्धि हुई है, जो 1979 के बाद सबसे बड़ी सालाना बढ़ोतरी है। बुधवार को सोना पहली बार 4,500 डॉलर प्रति औंस के पार गया। निवेशक आर्थिक अनिश्चितता, महंगाई और ब्याज दरों में कमी के कारण सोने जैसी सुरक्षित संपत्तियों की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। सोने में इस साल तेजी सिर्फ अटकलों की वजह से नहीं है। अमेरिकी डॉलर की गिरावट ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत बढ़ा दी है। इसके अलावा केंद्रीय बैंक अपनी डॉलर पर निर्भरता कम करने के लिए तेजी से सोना खरीद रहे हैं। खनन में निवेश की कमी, सप्लाई में रुकावटें और टैरिफ ने बाजार को सख्त कर दिया है, जबकि मांग लगातार बढ़ रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि सोने की कीमतें मुख्य रूप से अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों पर निर्भर करती हैं। जब फेड ब्याज दर घटाता है, तो सोने में तेजी देखने को मिलती है। फेड अगले साल दो बार ब्याज दरें कम कर सकता है, जिससे सोने की कीमत में और बढ़ोतरी संभव है। बाजार के` विश्लेषकों ने कहा` कि वर्तमान में कोई भी ऐसा कारण नहीं है जो सोने की कीमत को नीचे खींच सके। केवल केंद्रीय बैंक की सोने की खरीदारी में कमी ही कीमत में गिरावट ला सकती है। अगर यह नहीं होता, तो निवेशकों की स्थिति देखकर लगता है कि सोने में तेजी जारी रहेगी। विशेषज्ञ अनुमान लगा रहे हैं कि साल के अंत तक सोना 5,000 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकता है। निवेशक और बाजार जानकार इसे सुरक्षित निवेश के रूप में देख रहे हैं, खासकर उस समय जब वैश्विक अर्थव्यवस्था में अनिश्चितता और महंगाई बनी हुई है।

## मुंबई के महालक्ष्मी इलाके में 2.5 एकड़ जमीन 2,250 करोड़ में बिकी




**- प्राइम प्लॉट का आरक्षित मूल्य 993 करोड़ रुपए था**

**मुंबई ।**

दक्षिण मुंबई के महालक्ष्मी इलाके में रेलवे भूमि विकास प्राधिकरण (आरएलडीए) ने 2.5 एकड़ का प्राइम प्लॉट 99 साल की लीज पर नीलामी के लिए रखा। आरक्षित मूल्य 993 करोड़ रुपये था। हालांकि, डेवलपर्स की प्रतिस्पर्धा ने इसे 2,250 करोड़ रुपये तक बढ़ा दिया। यह अब तक मुंबई में लंबी अवधि के पट्टे पर किसी जमीन की नीलामी के लिए सबसे बड़ी बोली है। नीलामी में चार बड़े डेवलपर्स शामिल थे। दिनेशचंद्र आर अग्रवाल इन्फ्राकॉन ने सबसे बड़ी बोली लगाई। इसके बाद सोभा रियलिटी ने 1,232 करोड़ रुपये और लोढ़ा ग्रुप ने 1,161 करोड़ रुपये की बोली पेश की। इसके अलावा, आरएमजेड ग्रुप की एक इकाई भी इस नीलामी में हिस्सा ले रही थी। नीलामी के दस्तावेजों के अनुसार शुरुआती भुगतान लगभग 100 करोड़ रुपये होना तय है। कुल भुगतान 8 साल में राजस्व हिस्सेदारी के आधार पर किया जाएगा, जिसमें पहले 6 साल में 80 फीसदी राशि जमा करनी होगी। विशेषज्ञों का कहना है कि महालक्ष्मी जैसे प्राइम इलाके में जमीन की इतनी उच्च बोली यह दर्शाती है कि निवेशक लंबी अवधि में मजबूत रिटर्न की उम्मीद में प्रीमियम कीमत देने को तैयार हैं। यह नीलामी मुंबई में प्राइम ज़मीन की बढ़ती मांग और केंद्रीय रूप से स्थित, तैयार-से-विकसित ज़मीन की आकर्षकता को भी रेखांकित करती है। विशेषज्ञों के अनुसार यह सौदा संकेत देता है कि मुंबई के प्राइम लोकेशन में निवेशकों का भरोसा मजबूत है। लंबे समय तक रिटर्न की संभावना और सिटी सेंटर लोकेशन के कारण प्राइम जमीन में निवेश तेजी से बढ़ रहा है।

## साल 2025 बिटकॉइन के लिए मिला-जुला रहा



**- व्हेल्स की भारी बिकवाली से दबाव बढ़ा**

**नई दिल्ली ।**

साल 2025 बिटकॉइन (बीटीसी) के लिए मिला-जुला रहा। इस साल बिटकॉइन ने कई नई ऊंचाइयां छुईं लेकिन कीमतें अस्थिर रहीं। एक ऑन-चेन विश्लेषक के अनुसार पिछले 12 महीनों में बड़े निवेशकों यानी व्हेल्स ने 1,61,294 बिटकॉइन बेचे, जिसकी कीमत लगभग 15 अरब डॉलर है। उनका कहना है कि इस तरह की बिकवाली आमतौर पर बाजार में गिरावट के पहले या दौरान होती है, न कि पहले से गिर चुकी कीमतों पर। व्हेल्स की भारी बिकवाली के कारण बिटकॉइन की कीमत में कई बार अचानक गिरावट देखी गई। फिलहाल यह 87,000 डॉलर के नीचे कारोबार कर रहा है। निवेशकों का भरोसा कमजोर हुआ है क्योंकि बाजार में बिकवाली का दबाव बना हुआ है। सभी बड़े निवेशक बिकवाली नहीं कर रहे हैं। मध्यम आकार के निवेशक, जिन्हें शार्क कहा जाता है, पूरे साल शुद्ध खरीदार रहे। शार्क्स की खरीदारी ने व्हेल्स के दबाव को कुछ हद तक कम किया और संकेत दिया कि बाजार का प्रभाव धीरे-धीरे छोटे और मध्यम निवेशकों की ओर बढ़ रहा है। विश्लेषकों का मानना है कि अगर व्हेल्स की बिकवाली का सिलसिला साल 2026 में भी जारी रहा, तो बिटकॉइन के लिए टिकाऊ रिकवरी मुश्किल हो सकती है। इसका मतलब है कि अगले साल भी कीमतों में गिरावट का खतरा बना रह सकता है और तेजी के रुझान कमजोर हो सकते हैं।

# एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस ने होम लोन की ब्याज दरें घटाई

**- नई ब्याज दरें सिबिल स्कोर पर आधारित**

**नई दिल्ली ।**

एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस ने अपने होम लोन की ब्याज दरें घटाकर 7.15 फीसदी से शुरू कर दी हैं। ये दरें अब ग्राहकों के सिबिल स्कोर और लोन राशि पर निर्भर करेंगी। उच्च सिबिल स्कोर वाले ग्राहकों को कम ब्याज दर का फायदा मिलेगा। जिन ग्राहकों का सिबिल स्कोर 825 या उससे अधिक है, वे 5 करोड़ रुपये तक के लोन पर 7.15 फीसदी और 5 करोड़ से 15 करोड़ रुपये तक के लोन पर 7.45त्न ब्याज दर का लाभ उठा सकते हैं। सिबिल स्कोर 800-824 वाले ग्राहकों को 7.25 से 7.55 तक, 775-799 वाले ग्राहकों को 7.35 से 7.65 फीसदी तक ब्याज देना होगा। सिबिल स्कोर 600-774 वाले ग्राहकों के लिए दरें 7.35 से 9.50 फीसदी तक होंगी। 600 से कम स्कोर वाले ग्राहकों के लिए ब्याज दर 9.55 से 10 फीसदी तक रहेगी। नई दरें न केवल नए लोन पर बल्कि पुराने लोन को एलआईसी में ट्रांसफर करने पर भी लागू होंगी। इससे घर खरीदना और भी आसान हो जाएगा।




# क्रिसमस पर चांदी के दामों में रिकॉर्ड तेजी

**- दिल्ली में चांदी 2,34,000 रुपए प्रति किलो**

**नई दिल्ली ।**

क्रिसमस के अवसर पर देशभर में चांदी के दामों में जबरदस्त तेजी देखने को मिली। दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद, कोलकाता, चंडीगढ़, लखनऊ, बेंगलुरु, जयपुर, पटना और भुवनेश्वर में चांदी की कीमत 2,34,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुँच गई। वहीं, चेन्नई और हैदराबाद में यह और भी ऊंची होकर 2,45,000 पर रही। प्रति ग्राम चांदी का भाव गुरुवार को 234 रहा, जो कल की तुलना में 1 रुपये अधिक है। 21 दिसंबर को चांदी का भाव 2,14,000 रुपए प्रति किलोग्राम था। इसके बाद पिछले चार दिनों में कीमतों में कुल 20,000 रुपए की तेजी आई। 22 दिसंबर को यह 2,19,000 रुपए थी, और गुरुवार को तक 2,34,000 रुपए पर पहुच गई। पिछले तीन दिनों में ही चांदी के दामों में 15,000 रुपए की वृद्धि दर्ज की गई। विश्लेषकों के अनुसार चांदी की बढ़ी हुई कीमत का मुख्य कारण मांग और आपूर्ति में असंतुलन है। लोग अब चांदी को सिर्फ आभूषण के लिए नहीं खरीद रहे, बल्कि इसे सुरक्षित निवेश के रूप में भी ले रहे हैं। इसके अलावा, सिल्वर ईटीएफ में निवेश लगातार बढ़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अमेरिका में ब्याज दरों में कमी की उम्मीद और चीन में 2026 के बाद चांदी के निर्यात पर रोक की संभावना ने कीमतों को और मजबूती दी है।



## भारत में सोना 3 लाख प्रति 10 ग्राम के पार जाने की संभावना



**नई दिल्ली ।** एक अमेरिकी अर्थशास्त्री का अनुमान है कि आने वाले वर्षों में सोने की कीमतों में जबरदस्त उछाल आ सकता है। वर्तमान में 4,510 डॉलर प्रति औंस के मुकाबले 2029 तक सोना 10,000 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकता है और भारत में एमसीएक्स पर सोने का भाव 3 लाख प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। अर्थशास्त्री के अनुसार सोना केवल संकट से सुरक्षा नहीं देता बल्कि लंबी अवधि में निवेश का भी महत्वपूर्ण विकल्प है। इतिहास में बड़ी रैलियों ने निवेशकों की उम्मीद से अधिक लाभ दिया है। अमेरिकी शेयर बाजार के लिए वे सकारात्मक हैं, और 2026 तक एसएंडपी 500 इंडेक्स 7,700 तक पहुंच सकता है। भारत में 2025 कंसोलिडेशन का साल रहेगा, जबकि 2026 में नए अवसर बन सकते हैं।




## भारत ने 2025 में कर ढांचे में बड़े सुधार लागू किए

**- नया आयकर अधिनियम एक अप्रैल से होगा लागू**

**नई दिल्ली।** भारत ने 2025 में अपने कर ढांचे में बड़े सुधार लागू किए। 22 सितंबर से लगभग 375 वस्तुओं और सेवाओं पर जीएसटी दरें घटाई गईं। चार–स्तरीय जीएसटी प्रणाली (5, 12, 18, 28 फीसदी) को दो मुख्य दरों 5 और 18 फीसदी में समेटा गया। इसका उद्देश्य कर व्यवस्था को सरल, तार्किक और पूर्वानुमानित बनाना था। अप्रैल में जीएसटी संग्रह 2.37 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचा, जबकि नवंबर में यह 1.70 लाख करोड़ रुपये रहा, दर कटौती के प्रभाव के कारण वृद्धि धीमी हुई। सरकार ने मध्यम आय वर्ग के लिए आयकर छूट बढ़ाई, जिससे उपभोक्ताओं के हाथ में अधिक खर्च योग्य आय उपलब्ध हुई। 1 अप्रैल से नया सरलीकृत आयकर अधिनियम, 2025 लागू होगा, जो 1961 के पुराने कानून की जगह लेगा। इस कदम से न केवल उपभोग को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्वैच्छिक अनुपालन भी मजबूत होगा। दो नए कानून लागू किए जाएंगे- सिगरेट पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क और पान मसाला पर जीएसटी दरों के अतिरिक्त शुल्क। इन कदमों का उद्देश्य स्वास्थ्य और राजस्व दोनों को ध्यान में रखना है। सरकार सीमा शुल्क में सरलकरण और प्रक्रियाओं के डिजिटलीकरण पर काम कर रही है। दस्तावेजीकरण में एकरूपता, जोखिम–आधारित त्वरित मंजूरी और पुराने विवादों का निपटान व्यापार सुगमता और निवेशकों का विश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से किया जाएगा।

## अमेरिकी शेयर बाजार रिकॉर्ड बढ़त के साथ बंद

**वाशिंगटन।** अमेरिकी शेयर बाजार बुधवार को तेजी के साथ बंद हुए। डाओ जोंस इंडस्ट्रियल एवरेज 288.75 अंक बढ़कर 48,731.16 पर, एसएंडपी 500 22.26 अंक बढ़कर 6,932.05 पर और नैस्डैक कम्पोजिट 51.46 अंक बढ़कर 23,613.31 पर बंद हुआ। सभी प्रमुख इंडेक्स ने रिकॉर्ड क्लोजिंग हाई दर्ज किया। पिछले हफ्ते की बिकवाली के बाद एआई से जुड़े शेयरों में सुधार देखा गया। महंगे वैल्यूएशन और मुनाफ़े पर संभावित असर की चिंताओं के कारण पहले गिरावट आई थी। अमेरिकी अर्थव्यवस्था मज़बूत बनी हुई है। मार्केट अगले साल फेडरल रिज़र्व द्वारा 50 बेसिस पॉइंट की कटौती की उम्मीद कर रहा है। माइक्रोन टेक्नोलॉजी के शेयर 3.8 फीसदी बढ़कर 286.68 डॉलर के रिकॉर्ड लेवल पर बंद हुए।

## झारखंड की बंद खदानें बनेंगी हरित निवेश और रोजगार का केंद्र

**रांची ।** झारखंड में बंद और गैर–संचालित कोयला खदानों से 11,000 हेक्टेयर भूमि तुरंत उपलब्ध है। अगले 5–10 वर्षों में लगभग 45,000 हेक्टेयर भूमि का नवीनीकरणीय ऊर्जा, हरित विनिर्माण और लॉजिस्टिक्स जैसे हरित निवेश के लिए उपयोग किया जा सकता है। 16,977 करोड़ रुपये डीएमएफ में उपलब्ध हैं, जिन्हें कोयला–आधारित जिलों में आजीविका विविधीकरण, कौशल विकास और कल्याणकारी गतिविधियों में निवेश किया जा सकता है। इससे धनबाद, बोकारो और रामगढ़ में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। राज्य में 77 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता है। फ्लोटिंग सोलर परियोजनाओं और हरित इस्पात उत्पादन से झारखंड हरित विकास में अग्रणी बन सकता है। अगले एक दशक में राज्य के प्रमुख हॉटस्पॉट जिलों में आर्थिक विविधीकरण और सतत विकास को बढ़ावा मिलेगा।

## श्रम सुधारों को 2025 में बढ़ावा मिला, ईपीएफओ 3.0 लांच की तैयारी

**- श्रम संहिताएं 2026 में पूर्ण रूप से हो जाएंगी लागू**

**नई दिल्ली ।**

सरकार ने पांच साल की लंबी प्रतीक्षा के बाद चार श्रम संहिताओं को लागू करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जो 2026 में पूर्ण रूप से लागू हो जाएंगी। इनसे 29 पुराने श्रम कानूनों को सरल और समेकित रूप में बदलकर न्यूनतम वेतन और सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने इसे भारतीय श्रम बाजार के लिए ऐतिहासिक सुधार बताया। 2026 में ईपीएफओ 3.0 लाया जाएगा, जो कर्मचारियों की भविष्य निधि, पेंशन और बीमा दावों को तेज और सुविधाजनक बनाएगा। निकासी प्रक्रियाओं के सरलीकरण से करोड़ों कर्मचारियों को उनकी बचत तक आसान पहुंच मिलेगी। ई-श्रम पोर्टल और राष्ट्रीय कैरियर सेवा प्लेटफॉर्म ने सामाजिक सुरक्षा और रोजगार सेवाओं को व्यापक और समावेशी बनाया है। प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना अगले दो वर्षों में 3.5 करोड़ नौकरियों के सृजन को प्रोत्साहित करेगी। पिछले दशक में सामाजिक सुरक्षा कवरेज 19 से बढ़कर 64 फीसदी से अधिक हो गया है। ये सुधार कार्यस्थल पर स्पष्टता, समानता और पूर्वानुमेयता सुनिश्चित करेंगे, और भारत के आधुनिक, समावेशी श्रम बाजार की दिशा में बड़ा कदम हैं।




# भारत का अमेरिका को ट्रेड वार्ता पर प्रस्ताव..........50 प्रतिशत टैरिफ को घटाकर 15 प्रतिशत, कच्चे तेल पर पेनाल्टी हटाएं

**वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल का कहना है कि समझौते पर जल्द सहमति बन सकती**

**नई दिल्ली।**

भारत ने अमेरिका के सामने ट्रेड वार्ता में दो टूक प्रस्ताव दे दिया है। भारत चाहता है कि उस पर लगे कुल 50 प्रतिशत टैरिफ को घटाकर 15 प्रतिशत करे। इतना ही नहीं रूस से कच्चा तेल खरीदने पर जो अतिरिक्त 25 प्रतिशत पेनाल्टी लगाई है, उस पेनाल्टी को खत्म करे। दोनों देशों के बीच चल रही वार्ता से नए साल में कोई ठोस फैसला निकलने की उम्मीद है। दोनों देशों के बीच एक व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर बातचीत जारी है। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल का कहना है कि समझौते पर जल्द सहमति बन सकती है, हालांकि उन्होंने व्यापार समझौते को लेकर कोई तय समय सीमा नहीं जाहिर की है। इस हफ्ते भारत और अमेरिका की व्यापार टीमों के बीच दिल्ली में बैठक हुई। बातचीत दो मुद्दों पर हो रही है। पहला एक बड़े और स्थायी व्यापार समझौते पर और दूसरा अमेरिका की तरफ से भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ को हटाने या कम करने के लिए एक फ्रेमवर्क समझौते पर सहमति। अगर अमेरिका भारत पर लगाया गया 50 टैक्स घटाकर 15 प्रतिशत कर देता है और रूस से तेल खरीदने पर 25 प्रतिशत की पेनाल्टी हटा देता है। तब भारतीय सामान अमेरिका में सस्ता होगा, जिससे वहां हमारा एक्सपोर्ट बढ़ेगा।

भारतीय कंपनियों को फायदा होगा, ज्यादा ऑर्डर मिलने और रोजगार के मौके बढ़ सकते हैं। भारत में डॉलर ज्यादा आएगा, इससे अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। वहीं भारत रूस से सस्ता तेल बिना डर के खरीद सकेगा, इससे पेट्रोल-डीजल के दाम काबू में रह सकते है। इतना ही नहीं दोनों देशों के रिश्ते और बेहतर होते और आगे बड़ा व्यापार समझौता आसान हो जाएगा।

लेकिन अगर अमेरिका टैरिफ कम नहीं करता और पेनाल्टी भी जारी रखता है। तब भारतीय सामान अमेरिका में महंगे होने वाले है। जिससे हमारी बिक्री घट सकती है। कुछ इंडस्ट्री पर दबाव पड़ेगा, मुनाफा घट सकता है और नौकरियों पर असर पड़ सकता है। रूस से तेल खरीदना महंगा या मुश्किल हो जाएगा, जिससे ईंधन के दाम बढ़ सकते हैं।

दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ सकता है और व्यापार समझौते में देरी हो सकती है।



अमेरिका ने भारत पर कुल 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। इसमें से 25 प्रतिशत को वे 'रेसिप्रोकल (जैसे को तैसा) टैरिफ' कहता है। जबकि 25 प्रतिशत रूसी तेल खरीदने की वजह से लगाया गया है। अमेरिका का कहना है कि इससे रूस को यूक्रेन युद्ध जारी रखने में मदद मिल रही है। भारत का कहना है कि यह पेनाल्टी गलत है और तुरंत हटाया जाना चाहिए।

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत का रूसी तेल आयात नवंबर में करीब 17.7 लाख बैरल प्रति दिन था, जो दिसंबर में घटकर लगभग 12 लाख बैरल प्रति दिन रह गया है। आने वाले समय में यह 10 लाख बैरल प्रति दिन से भी नीचे जा सकता है। यूक्रेन युद्ध के बाद भारत रूस का सबसे बड़ा तेल खरीदार बन गया था, जिस पर ट्रम्प प्रशासन ने कई बार सवाल उठाए हैं।

# एविएशन सेक्टर में तीन नई एयरलाइंस की जल्द होगी एंट्री.......मोदी सरकार ने शुरु की तैयारी

**शंख एयर, अलहिंद एयर और फ्लाई एक्सप्रेस को एनओसी जारी किया**

**नई दिल्ली।**

मोदी सरकार ने देश के एविएशन सेक्टर में प्रतिस्पर्धा बढ़ाने और बड़ी एयरलाइनों पर निर्भरता कम करने के मकसद से तीन नई एयरलाइंस को नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) जारी किया है। इन एयरलाइंस के नाम शंख एयर, अलहिंद एयर और फ्लाई एक्सप्रेस हैं।

यह फैसला तब लिया गया है, जब हाल ही में इंडिगो के ऑपरेशन से जुड़ी दिक्कतें सामने आई थीं। इसके बाद मोदी सरकार को लगा कि भारतीय एविएशन सेक्टर में ज्यादा कंपनियों और विकल्पों की जरूरत है। क्योंकि हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा कि मोदी सरकार का लक्ष्य भारतीय आसमान में ज्यादा एयरलाइंस को बढ़ावा देना है। केंद्र सरकार का मानना है कि नई एयरलाइंस के आने से यात्रियों को बेहतर सेवा और ज्यादा विकल्प मिलते है।

वहीं हवाई इंडस्ट्री के जानकारों का कहना है कि इससे भारतीय एविएशन सेक्टर में नई प्रतिस्पर्धा शुरू होगी। हालांकि, इन नई एयरलाइंस के सामने असली चुनौती अब शुरू होती है। उन्हें पूंजी जुटानी होगी, विमान बेड़े को तैयार करना होगा और मजबूत नेटवर्क खड़ा करना होगा, ताकि वे सही मायनों में उड़ान भर सकें। जानकारों के मुताबिक, अगर ये एयरलाइंस सफल होती हैं, तब इसका सीधा फायदा यात्रियों को मिलेगा।

एनओसी मिलने का मतलब है कि केंद्र सरकार ने इन कंपनियों को एयरलाइन शुरू करने की आगे की प्रक्रिया शुरू करने की अनुमति दे दी है। अब अगला कदम डीजीसीए से एयर ऑपरेटर सर्टिफिकेट (एओसी) लेना होगा। इसके साथ ही इन्हें विमान (फ्लीट), पायलट और स्टाफ, मेंटेनेंस और रूट नेटवर्क से जुड़ी सारी तैयारियां करनी होंगी। यह पूरी प्रक्रिया आमतौर पर कई महीनों तक चलती है। इसी दौरान यह साफ होता है कि कोई एयरलाइन आर्थिक रूप से कितनी मजबूत है और उड़ान संचालन के लिए कितनी तैयार है।

## घाटे में चल रही पा किस्तान की सरकारी एयरलाइन बिक गई

**नई दिल्ली ।** पाकिस्तान की सरकारी एयरलाइन (पीआईए) को वहां के एक कारोबारी ने 134 अरब पाकिस्तानी रुपये (4300 करोड़ रुपये) में खरीद लिया है। एयरलाइन लंबे समय से घाटे में थी। आईएमएफ की शर्तों के तहत घाटे वाली सरकारी कंपनियों की बिक्री जरूरी थी। आने वाले समय में और भी सरकारी कंपनियां बेची जा सकती हैं। चालू वित्त वर्ष के पांच महीनों (जुलाई-नवंबर 2025) में पाकिस्तान का कुल कर्ज 3.032 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो पिछले साल इसी अवधि में 2.667 अरब डॉलर था। विदेशी कर्ज 46.2 फीसदी बढ़कर 2.521 अरब डॉलर हुआ, जबकि ग्रांट में 43 फीसदी गिरावट दर्ज की गई। नवंबर में विदेशी सहायता 511 मिलियन डॉलर रही। इस महीने आईएमएफ ने पाकिस्तान को 1.2 अरब डॉलर की नई किश्त मंजूर की, जिससे कुल आईएमएफ सहायता लगभग 3.3 अरब डॉलर होगी।





# किआरा आडवाणी ने टॉक्सिक में अपनी भूमिका के बारे में किया खुलासा

**बॉलीवुड एक्ट्रेस किआरा आडवाणी ने हाल ही में अपनी आने वाली फिल्म टॉक्सिक- ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स के लिए एक पोस्ट शेयर किया। इसमें उन्होंने अपनी भूमिका को बहुत खास बताया।**

## टॉक्सिक में रोल को लेकर कियारा का खुलासा

फिल्म टॉक्सिक में नादिया का रोल निभा रही कियारा आडवाणी ने एक्स पर एक नोट लिखा, यह रोल मुझसे शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से बहुत कुछ मांगता था। मेरे लिए यह पूरी तरह बदलाव लाने वाला अनुभव रहा। अब तक का मेरा सबसे मुश्किल रोल। महीनों की मेहनत। एक निडर छलांग। इस फर्स्ट लुक को इतना प्यार मिलना मेरे लिए सबकुछ है। मैं शब्दों से ज्यादा आभारी हूं।

## फिल्म निर्माताओं का पोस्ट

हाल ही में फिल्म के निर्माताओं ने कियारा का फर्स्ट लुक जारी किया था। इसमें कियारा को स्टाइलिश गाउन में दिखाया गया, जो फर्श तक लंबी और ऊंची स्लिट वाली है। वह चमकदार स्टेज पर आत्मविश्वास से खड़ी नजर आईं। बैकग्राउंड में सर्कस जैसा माहौल दिखा। उनके चेहरे पर ग्लैमर के साथ दुख और उदासी के भाव नजर आए।

## फिल्म टॉक्सिक के बारे में

यश की मुख्य भूमिका वाली यह फिल्म 19 मार्च 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसे गीतु मोहनदास ने निर्देशित किया है। प्रोडक्शन वीएन प्रोडक्शंस और मॉन्स्टर माइंड क्रिएशन्स ने किया है। यह कन्नड़ और अंग्रेजी भाषाओं में रिलीज होगी। बाद में इसे हिंदी, तमिल, तेलुगु और मलयालम में डब किया जाएगा। यह कन्नड़ सुपरस्टार यश की सुपरहिट फिल्म केजीएफ चैप्टर 2 (2022) के बाद पहली फिल्म है। कियारा को हाल ही में वॉर 2 में देखा गया था, जिसमें ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर मुख्य भूमिका में थे।



# राशा थडानी से अहान पांडे तक
# इस साल इन स्टार किड्स ने किया डेब्यू

**इस साल कई नए सितारों ने सिनेमा की दुनिया में कदम रखे। चर्चित सितारों के बच्चों के डेब्यू ने भी दर्शकों का ध्यान खींचा। जनवरी में फिल्म आजाद की रिलीज के साथ ही यह सिलसिला शुरू हो गया था और सालभर चला। मगर, बॉक्स ऑफिस पर कौन अपना दम दिखा पाया?**

## राशा थडानी


इस साल जनवरी में रिलीज हुई फिल्म आजाद के जरिए रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने इंडस्ट्री में कदम रखे। सिर्फ उन्होंने ही नहीं, बल्कि उनके साथ अजय देवगन के भांजे अमन देवगन ने भी डेब्यू किया। मगर, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर खास नहीं रही। हालांकि, राशा ने अपने आइटम नंबर ऊई अम्मा से जरूर सुर्खियां बटोरीं।

## इब्राहिम अली खान




सैफ अली खान और अमृता सिंह की बेटी सारा अली खान जहां बॉलीवुड में स्थापित हो चुकी हैं, वहीं इस साल उनके बेटे इब्राहिम अली खान ने फिल्म नादानियां से डेब्यू किया था। हालांकि, इब्राहिम का यह ओटीटी डेब्यू था। मगर फिल्म को काफी नेगेटिव रिव्यू मिले।

## आर्यन खान



बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान ने भी इस साल डेब्यू किया। हालांकि, उन्होंने प्लेटफॉर्म ओटीटी चुना। उन्होंने सीरीज द बैड्स ऑफ बॉलीवुड के जरिए बतौर निर्देशक डेब्यू किया। उन्हें काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिली। आर्यन दर्शकों का दिल जीतने में कामयाब रहे।

## अहान पांडे



इस साल का सबसे धमाकेदार डेब्यू अहान पांडे ने किया। एक्टर चंकी पांडे के भतीजे ने फिल्म सैयारा के जरिए धूम मचा दी। बता दें कि फिल्म की लीड एक्ट्रेस अनीत पड्डा की भी बतौर मुख्य कलाकार यह पहली फिल्म थी। बॉक्स ऑफिस पर सैयारा छा गई और 300 करोड़ी क्लब में एंट्री ली।

## खुशी कपूर और जुनैद खान

फिल्म लवयापा के जरिए आमिर खान के बेटे जुनैद खान और श्रीदेवी की छोटी बेटी खुशी कपूर ने बड़े पर्दे पर डेब्यू किया। इससे पहले जुनैद ओटीटी पर फिल्म महाराज में नजर आए थे और उनके अभिनय की खूब तारीफ हुई थी। वहीं, खुशी कपूर ओटीटी पर आई फिल्म द आर्चीज में नजर आ चुकी थीं। बड़े पर्दे पर रिलीज हुई दोनों सितारों की पहली फिल्म लवयापा फ्लॉप रही।






## शनाया कपूर

एक्टर संजय कपूर की बिटिया शनाया कपूर ने भी इसी साल अभिनय की दुनिया में बोहनी की। उन्होंने फिल्म आंखों की गुस्ताखियां से डेब्यू किया। इसमें वे विक्रांत मैसी के अपोजिट नजर आईं। मगर, कमाई के मामले में फिल्म फुस्स साबित रही।





# असली आर्मी लोकेशन पर शूटिंग करना नहीं था आसान

हिंदी सिनेमा के लिए फैंस के लिए नए साल की शुरुआत देशभक्ति से भरी फिल्म बॉर्डर 2 से होने वाली है, जिसमें सनी देओल, दिलजीत सिंह दोसांझ, वरुण धवन और अहान शेट्टी सैनिक के किरदार में दिखने वाले हैं। ये फिल्म अहान शेट्टी के लिए बेहद खास है क्योंकि पहली फिल्म तड़प के सुपरफ्लॉप होने के बाद अब बॉर्डर 2 उनके करियर के लिए अहम है। फिल्म में अभिनेता ने नेवी अफसर का रोल प्ले किया है और अब उन्होंने आईएएनएस से खास बातचीत में अपने किरदार और फिल्म की शूटिंग के किस्सों को शेयर किया है। कड़ी मिलिट्री ट्रेनिंग और मुश्किल एक्शन सीक्वेंस के लिए अहान ने बहुत मेहनत की। उन्होंने बताया कि ट्रेनिंग वहां हुई, जहां असली सैनिक ट्रेनिंग लेते हैं। अहान ने कहा कि फिल्म की शूटिंग एनडीए खड़कवासला में हुई और इसका मकसद सिर्फ असली विजुअल्स कैप्चर करना नहीं था बल्कि उस माहौल को सीखना था, जिसने मेरे किरदार को पूरी तरह बदल दिया। आप वहां ट्रेनिंग ले रहे होते हैं जहां असली ऑफिसर ट्रेनिंग लेते हैं। वह माहौल आपको कुछ भी गलत करने नहीं देता, बल्कि आपकी बॉडी, आपका पोस्चर और बात करने का तरीका वहां के हिसाब से ढल जाता है।

शूटिंग का अनुभव शेयर करते हुए उन्होंने कहा कि शूटिंग की लोकेशन बदलने लगी लेकिन मेरा रूटीन पहले जैसा रहा। वहीं स्ट्रेंथ ट्रेनिंग सेशन, एजिलिटी, कार्डियो, आइस बाथ, स्टीम, सौना और रेड लाइट थेरेपी रोजाना का रूटीन बन गया। आराम के लिए समय नहीं था क्योंकि ट्रेनिंग नहीं छोड़ सकते थे और रोजाना युद्ध वाले सीन शूट करने होते थे, तो आराम का समय नहीं होता है। लगता था कि अब बस अच्छा परफॉर्म करना है। असली मिलिट्री जगहों पर शूटिंग करने में अहान को काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा था। उन्होंने बताया कि 40 डिग्री के तापमान में युद्ध के सीन को शूट किया और 12 घंटों की शूटिंग के दौरान टेक्निकल गियर पहनकर काम करना होता था। बता दें कि बॉर्डर 2 में अहान शेट्टी एक नेवी ऑफिसर का रोल प्ले करने वाले हैं। ये फिल्म और किरदार दोनों ही उनके लिए खास हैं क्योंकि उनके पिता सुनील शेट्टी ने भी फिल्म बॉर्डर में सीमा पर तैनात सैनिक भैरव सिंह का रोल प्ले किया था। फिल्म में उनके जोश और किरदार को खूब पसंद किया गया था, लेकिन अब देखना होगा कि दर्शक उनके बेटे अहान को कितना प्यार देते हैं।

# इक्कीस ने मुझे बदल दिया
# अगस्त्य नंदा ने सुनाए शूटिंग के किस्से

फिल्म ' इक्कीस' की रिलीज से फिल्म के मुख्य अभिनेता अगस्त्य नंदा ने फिल्म को लेकर बात की। मीडिया से बातचीत में अगस्त्य ने फिल्म से जुड़े अपने अनुभव, डर, सीख और निजी यादों को खुलकर साझा किया। इस दौरान एक्टर ने धर्मेंद्र के साथ पहली मुलाकात से लेकर शूटिंग के दौरान उठाए गए जोखिम, अपने चार साल के सफर और परिवार से मिली सीख तक के बारे में बताया। अभिनेता ने कहा कि यह फिल्म उनके लिए सिर्फ एक प्रोजेक्ट नहीं बल्कि एक गहरा और निजी अनुभव रही है।

## ऐसे हुई धर्मेंद्र के साथ पहली मुलाकात

दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र से अपनी पहली मुलाकात को याद करते हुए अगस्त्य ने बताया कि जब मैंने यह फिल्म साइन की थी, उसी दिन धर्मेंद्र जी का जन्मदिन था। मुझे लगा कि खुद को उनसे मिलवाने का सबसे सही तरीका यही होगा कि जाकर उनका आशीर्वाद लिया जाए। उस दिन श्रीराम सर, दिनेश सर, बिनी और मैं उनसे मिलने गए थे। सच कहूं तो मैं बहुत नर्वस था, क्योंकि मुझे समझ नहीं आ रहा था कि उनसे क्या कहूं और कैसे बात करूं। लेकिन वह बेहद गर्मजोशी से मिले। उन्होंने मुझे आशीर्वाद दिया और वह पल मेरे साथ हमेशा के लिए जुड़ गया।


## फिल्म के दौरान काफी कुछ सीखने को मिला

फिल्म 'इक्कीस' के सफर के बारे में अगस्त्य ने कहा कि सच कहूं तो इस फिल्म की शुरुआत करने को लेकर आज जब पीछे मुड़कर देखता हूं, तो मैं खुद को एक बिल्कुल अलग इंसान महसूस करता हूं। जब मैंने यह फिल्म शुरू की थी, तब मैं सिर्फ 21 साल का था और आज मैं 25 का हूं। उस वक्त मुझे बिल्कुल अंदाजा नहीं था कि मैं इतना कुछ सीखूंगा या इतने शानदार लोगों के साथ काम करने का मौका मिलेगा। यह फिल्म मेरे लिए सच में एक मजबूत नींव बन गई है। ऐसी नींव, जिसे मैं आगे हर फिल्म में अपने साथ लेकर जाऊंगा। चाहे वह अभिनय से जुड़ा हो या फिर सेट पर रहने के नजरिए से। दिनेश सर से जो मार्गदर्शन मुझे मिला, वह मेरे लिए बहुत मायने रखता है।

## जोखिम भरी रही फिल्म की शूटिंग

फिल्म की शूटिंग से जुड़े अनुभवों को साझा करते हुए नवोदित कलाकार ने कहा कि शूटिंग के दौरान कई ऐसे पल आए जब सच में लगता था कि कुछ भी हो सकता है। हमने ये टैंक खुद बनाए थे, इसलिए वे काम करने के लिहाज से पूरी तरह सुरक्षित नहीं थे। फिल्म के दूसरे हिस्से में कुछ एक्शन सीन बहुत जोखिम भरे हैं। हमने ऐसे मूवमेंट किए जो असली टैंक करते हैं। हमने काफी रिहर्सल की थी, लेकिन फिर भी डर बना रहता था। खासकर तब, जब टैंक 20 या 30 फीट की ऊंचाई पर मुड़ता था। उस वक्त सच में डर लगता था कि कहीं वह पलट न जाए। इसके अलावा धमाके हो रहे थे। हर चीज की टाइमिंग बिल्कुल सही होनी थी और टैंक को ठीक उसी पल रुकना था। यह सब आसान नहीं था। शुक्र है कि कुछ गलत नहीं हुआ।





# बच्चों से कुछ न छुपाएं, वे हर चीज खुलकर देख-पढ़ रहे हैं

**मुंबई का किंग कौन यह डायलॉग बोलने वाले एक्टर मनोज बाजपेयी अनेक बार साबित कर चुके हैं कि वह अभिनय के मामले में किंग हैं। उन्हें 4 बार राष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाज़ा जा चुका है। अब यह कद्दावार अभिनेता अपने 30 साल के सफर में फिल्मों की सेंचुरी लगा चुका है। इस मुलाकात में वह अपने करियर, पैरेंटिंग और जिंदगी के सबक की गिरहें खोलने में जरा भी नहीं हिचकिचाते।**

**सोशल मीडिया से आजकल हर माता-पिता झ्रपरेशान हैं। पैरेंटिंग पर आपकी राय क्या है?**

आप जहां भी जाएंगे, सोशल मीडिया आपके पीछे-पीछे आएगा। यह आपको नहीं छोड़ने वाला तो इसे हैंडल करना होगा। जैसे मेरी बेटी आवा हॉस्टल में रहती है। वहां वह मॉनिटरिंग में रहती है, लेकिन जब वह घर आती है तो उसकी मां उसे फोन दे देती है। मैं यही कहूंगा कि बैन मत करिए, नजर रखिए। जितना आप उन पर रोक-टोक लगाएंगे, उतना वे आपसे छुपाते जाएंगे। पैरेंटिंग का जो सिद्धांत है, वह शबाना (पत्नी) बहुत अच्छे-से जानती हैं और समझती हैं। आवा अपनी मां से कोई बात छुपाती नहीं। आवा कोई बात बाहर किसी दूसरे से सुने और असमंजस में पड़े, इससे पहले ही उसकी मां वे तमाम बातें उसे बता चुकी होती है। बच्चों के साथ आपको खुलकर बात करनी पड़ेगी। इस समझदारी के साथ पैरेंटिंग के अलावा लगातार मॉनिटरिंग की भी जरूरत होती है। बच्चे का दिमाग जब तक विकसित नहीं होता, तब तक उसे संभाल कर रखना माता-पिता की जिम्मेदारी है। मगर बच्चे से चीजें छुपाए नहीं। उसे हर चीज के बारे में बताएं क्योंकि वे हर चीज देख-सुन और पढ़ रहे हैं। आवा किसी से कुछ भी छुपा ले, मगर मां से कुछ नहीं छुपाती।

**क्या आप अपनी वेब सीरीज के टाइटल की तरह असल जिंदगी में भी फैमिली मैन हैं?**

यह जोर से मत कहिए! मेरी पत्नी ने सुन लिया तो आपको तुरंत बता देंगी कि यह बिलकुल गलत बात है। मैं शूटिंग पर रहता हूं तो मुझसे शिकायतों का सिलसिला चलता रहता है। पर हां, जब काम नहीं कर रहा होता तो पूरा समय घर पर बिताता हूं। तब 10-15 दिन बाद ही मेरी पत्नी और बेटी कहने लगती हैं कि अब आप शूटिंग पर कब जाओगे? घर पर रहकर बहुत तंग करते हैं। मुझे परिवार के साथ रहना बहुत अच्छा लगता है। परिवार जानता है कि मुझे काम से कितना प्रेम है। उम्र के साथ शरीर थोड़ा साथ नहीं देता, मगर शूटिंग करने में अब भी उतनी ही खुशी मिलती है। हां, शूटिंग के बाद परिवार संग रहना जरूरी है। मैं कहीं विदेश में शूटिंग करूं और परिवार साथ न हो तो मुझे यही बुरा लगता है कि वे इस नए देश को मेरे साथ अनुभव नहीं कर पा रहे। मैं ऐसा ही इंसान हूं, मगर कमियां बहुत हैं, जो मेरी पत्नी बेहतर बताएंगी।

**30 साल के सफर को पलट कर देखते हैं तो कैसा लगता है?**

मैं पीछे मुड़कर देखता ही नहीं। यह मेरे लिए हमेशा मुश्किल रहा है। मेरा स्वभाव ही ऐसा है कि बीती बातों में नहीं उलझता क्योंकि वहां अब कुछ नया मिलने वाला नहीं होता। समय बदला, चीजें बदलीं, समाज बदला और इंडस्ट्री भी लगातार बदलती गई। अब ढ्ढ जिस रफ़्तार से आ रहा है, वह बहुत कुछ बदल रहा है और बदलेगा भी। मेरी एक आदत रही है, बदलते वक्त के साथ खुद को बदलना। बदलाव के साथ तालमेल बैठाकर आगे बढ़ना और अच्छा काम करना- यही मुझे आता है और यही मैं करता आया हूं। उसी में बेहतर करने की कोशिश करता हूं ताकि नई पीढ़ी के साथ कदमताल बनी रहे। अगर किसी चीज में मैं बुरा हूं और मुझे कोई चीज नहीं आती तो मैं उसके लिए किसी को हायर कर लेता हूं। इसके पीछे मेरी सोच यही होती है कि मेरा काम होता रहे और मैं अभिनय करता रहूं।

**किस चीज को खोने का दुख सताता है?**

अगर इमोशनल तौर पर सोचूं तो मैंने क्या खोया? मैंने खोया है, माता-पिता का साथ। मैं 9 साल की उम्र में हॉस्टल चला गया था और तब से उनके साथ रह ही नहीं पाया। फिर दिल्ली चला गया जबकि वे गांव में थे। जब वे दिल्ली आए, तब तक मैं मुंबई आ चुका था। उनके अंतिम दिनों में जो साथ और जिम्मेदारी मेरे भाई-बहनों ने निभाई, वह मेरा हिस्सा ही नहीं बन सका। मैं उनसे दूर था। आप ऐसी यात्रा पर निकलते हैं तो इस तरह के त्याग के लिए तैयार रहना पड़ेगा। आपको बहुत कुछ खोना पड़ेगा।

**आपके जिंदगी के सबक क्या हैं?**

मुझे लगता है कि किसी दूसरे को अपनी जिंदगी का निर्धारण न करने दें और न ही उससे प्रभावित होइए क्योंकि आपको लेकर उनकी राय लगातार बदलती रहती है। आपको खुद के और आपके आसपास के लोगों के अलावा कोई नहीं जानता। यही वजह है कि मैं हर अभिनेता से यह कहता हूं कि शुक्रवार से डरो मत। अगर यह शुक्रवार बुरा गया है तो अगला अच्छा जाएगा और फिर आपके बारे में उनकी राय बदल जाएगी। लोगों की राय कभी भी एक जैसी नहीं रहती। इसलिए लोगों की राय पर अपना जीवन न चलाएं। जो मन में हो वही करें, पर यह जरूर देखें कि उससे किसी दूसरे को तकलीफ़ न हो ।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in